धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

* 30.12.2024

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 169



12 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाये सेना

## न्यूज डायरी

### आज कई इलाकों में बारिश संभव, बढ़ेगी ठंड

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में सोमवार को बारिश की संभावना है। रविवार को भी राज्य के कई इलाकों से हल्कीफुल्की बारिश की खबर है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। बारिश रुकने और बादल छंटने के बाद हवा का रुख झारखंड की ओर होने से ठंड बढ़ेगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हवाले

**गिरिडीह।** मानवता को शर्मसार करने वाली फिर एक घटना यहां सामने आयी है। सरिया थाना इलाके में एक ट्रैक्टर चालक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। ग्रामीणों के अनुसार नाबालिग शौच के लिए जा रही थी, उसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने मौका का फायदा उठाकर उसके साथ रेप किया। परिजनों एवं ग्रामीण ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। मारपीट के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार शाम की घटना की खबर पुलिस को रविवार को दी गयी।

### दिल्ली से आठ बांग्लादेशी को पकड कर वापस भेजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आठ बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया, जिसमें जहांगीर, उसकी पत्नी और उनके छह बच्चे शामिल हैं। वे अवैध रूप से रंगपुरी में रह रहे थे। सभी बांग्लादेश के मदारीपुर जिले के केकरहाट गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, जहांगीर ने अनधिकृत मार्गों से भारत में प्रवेश करने और उसके बाद अपने परिवार को यहां लाने की बात स्वीकार की है। उसने अपने बांग्लादेशी पहचान पत्र नष्ट कर दिए थे और अपनी मूल पहचान छिपाकर दिल्ली में रह रहा था।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना में विसर्जित

**नयी दिल्ली।** पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह की अस्थियां यहां यमुना के तट पर स्थित घाट पर विसर्जित कर दी गयीं। कांग्रेस ने यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारत मां के सपूत डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियां पूरे विधि-विधान के साथ मजनू का टीला स्थित गुरुद्वारे के पास यमुना घाट पर विसर्जित की गयीं। हम सभी मनमोहन सिंह जी की देश सेवा, समर्पण और उनकी सहजता को हमेशा याद रखेंगे।

### सदर एसडीओ को पद से हटाया जाये : सांसद

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की जलने से हुई मौत की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार से आग्रह है कि सदर एसडीओ को अपने दायित्व से पद मुक्त किया जाये। उनको हटाये जाने के बाद ही मामले की जांच निष्पक्ष ढंग से संभव होगी।

# तमाड़ में सड़क हादसा तीन युवकों की मौत

### दो घायल, ट्रेलर ने धक्का मारा, रौंदते हुए भाग निकला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/खूंटी ।** रांची-टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह गांव के पास स्थित पुलिया पर भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रेलर ने दो बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर सवार तीनों युवक धक्का लगते ही सड़क पर गिर गये और ट्रेलर की चपेट में आ गये। तीनों की मौत हो गयी। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। घटना रविवार को दिन एक बजे दिन की है। जानकारी के अनुसार मृतकों में जमशेदपुर भुइयांडीह निवासी सुमित मिश्र (21), पुलकित सिंह (18)और 20 वर्षीय निखिल कुमार शामिल हैं। उनकी बाइक का नंबर (जेएच 05 डीवी 5481) है। सूचना मिलने के बाद परिजन थाना पहुंचे। हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार शुभम कुमार और प्रिंस कुमार घायल हो गये। दोनों घायलों को इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल ले जाया गया। (शेष पेज 11 पर)

### गुमला में भी दो युवकों की मौत

वहीं गुमला जिले के बसिया थाना स्थित कोनबीर नवाटोली स्थित संत पॉल कॉलेज गेट के समीप रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार तीन युवकों में दो की मौके पर ही मौत हो गयी। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । मृत युवकों की पहचान कोनबीर नवाटोली निवासी रिकेश पवन टोपनो (24) और कोनबीर खड़िया टोली निवासी गुलशन करकेट्टा (27)के रूप में हुई। कोनबीर नवाटोली निवासी ब्रिजिट कुल्लू (35) गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की हैं । तीनों बाइक से लोंगा की ओर जा रहे थे । इन्हें अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी, जिससे सभी युवक बीच सड़क पर ही गिर गए । इसके बाद दोनों युवकों को अज्ञात वाहन रौंदते हुआ फरार हो गया । घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया ।

### 24 घंटे के भीतर तीन बड़ी विमान दुर्घटना से दहली दुनिया

# दक्षिण कोरिया में प्लेन क्रैश 181 की मौत

### कनाडा के विमान में लैंडिंग के दौरान लगी आग, सभी बच गये

#### डच एयरलाइन की फ्लाइट की भी इमरजेंसी लैंडिंग



**ब्लैक संडे**

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** सियोल से मिली खबरों के अनुसार दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा हुआ। हादसे में 181 लोगों की मौत हो गयी। इनमें 6 क्रू मेंबर और 175 यात्री शामिल थे। विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसलकर एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल से टकरा गया। टक्कर के बाद विमान में आग लग गयी और आसमान में धुएं के काले गुबार दिखाई देने लगे। विमान का पिछला कुछ हिस्सा सलामत है। बाकी जलकर राख हो गया। सभी यात्री इस तरह जल गये हैं कि मृतकों की पहचान कर पाना असंभव है। इससे पूर्व डच एयरलाइन (केएलएम)की एक फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। सभी यात्री बाल-बाल बचे गये। यह घटना रविवार को नॉर्वे के सैंडेफजॉर्ड टॉर्प एयरपोर्ट पर हुई। विमान ने नॉर्वे से नीदरलैंड के लिए उड़ान भर रही थी। वहीं एयर कनाडा की फ्लाइट को भी तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। लैंडिग के दौरान विमान में आग लग गयी। हालांकि सभी यात्रियों को बचा लिया गया। विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे।

**कोरिया ने माना सभी की मौत :** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मू ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दक्षिण कोरिया ने विमान हादसे में सभी यात्रियों की मौत स्वीकार कर ली। यह हादसा देश के दक्षिणी जिओला प्रांत के मुआन में मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह हुआ। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, 173 कोरियाई यात्री, दो थाई यात्री और चालक दल के छह सदस्य जेजू एयर की उड़ान में सवार थे। यह उड़ान बैंकॉक (थाईलैंड) से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुआ और सुबह 8:30 बजे इसे मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। विमान (बोइंग 737-800) ने उतरने का प्रयास किया। न उतर पाने पर उसने हवाईअड्डे का चक्कर लगाया। दोबारा उतरने की कोशिश में रन-वे पर फिसलता हुआ दीवार से टकरा गया। विमान से आग की लपटें उठने लगीं। धुआं छा गया। दुर्घटना के 43 मिनट बाद आग बुझा दी गयी। विमान का पिछला कुछ हिस्सा सलामत है। बाकी जलकर राख हो गया। मृतकों की पहचान कर पाना असंभव है।

# कैमरून में फंसे 11 श्रमिक हेमंत की पहल पर लौटे

### अन्य 36 की सकुशल स्वदेश वापसी शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे 47 मजदूरों की वापसी शुरू हो गयी है। रविवार को 11 मजदूर सकुशल रांची एयरपोर्ट पहुंचे। वहां फंसे 36 अन्य मजदूर भी जल्द स्वदेश लौटेंगे। सभी को उनके पैतृक गांव रवाना कर दिया गया। रविवार को स्लदेश पहुंचे श्रमिकों में हजारीबाग के सात, गिरिडीह के दो और बोकारो के दो मजदूर शामिल हैं। रांची एयरपोर्ट पर संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, सहायक आयुक्त अविनाश कुमार कृष्ण समेत श्रम विभाग के अफसरों ने मजदूरों का माला पहनाकर स्वागत किया।

**सीएम को मिली थी खबर :** कैमरून में कार्यरत झारखंड के हजारीबाग, बोकारो एवं गिरिडीह जिला के 47 श्रमिकों के वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किये जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था।

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। मामले के सत्यापन के उपरांत श्रम सचिव मुकेश कुमार एवं कमिश्नर संजीव कुमार बेसरा के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों, नियोक्ताओं और बिचौलियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया और फंसे श्रमिकों को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गयी।

पारिश्रमिक का भुगतान कराया गया : कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77.743 बकाया रुपये का भुगतान कराया गया है।

इसके बाद 27 दिसंबर 2024 को 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों का पहला समूह कैमरून से भारत के लिए सुरक्षित वापसी कर हुई। झारखड पहुंचने पर श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों का स्वागत बिरसा हवाई अड्डे पर किया।

#### श्रमिकों को बंधक बना लिया गया था

खबरों के अनुसार इन मजदूरों को कैमरून में बंधक बना लिया गया था। मजदूरों ने सोशल मीडिया के जरिये केंद्र और राज्य सरकार से मदद की गुहार लगायी थी। मजदूरों का कहना था कि काम करवाने के बावजूद तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रमायुक्त संजीव कुमार को कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। अंतराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम के तहत बिना लाइसेंस कैमरून भेजने पर एफआइआर भी दर्ज की गयी थी।

# दिल का दौरा पड़ने से आचार्य किशोर कुणाल का निधन

### धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में भूमिका अहम थी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** पूर्व आइपीएस, अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और पटना के महावीर मंदिर के सचिव आचार्य किशोर कुणाल (74) का रविवार सुबह निधन हो गया। किशोर कुणाल ने पटना के महावीर वत्सला अस्पताल में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, पूर्व आइपीएस को सुबह दिल का दौरा पड़ा था। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर सीएम मोदी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन तथा अनेक नेताओं और विभिन्न धर्म संगठनों के प्रमुखों ने गहरा शोक जताया है। धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी महती भूमिका रही है। उनकी विदाई से बिहार को गहरा आघात लगा है।

**कई संस्थाओं की स्थापना की :** आचार्य किशोर कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर के बरुराज गांव से ली। इसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास और संस्कृत में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। गुजरात कैडर के आइपीएस अधिकारी बने और पटना में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। किशोर कुणाल ने गृह मंत्रालय में भी अपनी सेवा दी। इसके बाद 2000 में रिटायर हो गये। आचार्य किशोर ने कई संस्थाओं की स्थापना की, जो समाज के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है।

### अनिता को न्याय दिलाने हजारीबाग में कैंडल मार्च



**हजारीबाग के एसडीएम अशोक कुमार की धर्मपत्नी अनिता कुमारी को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को रविवार को बुढ़वा महादेव प्रांगण से एक ऐतिहासिक कैंडल मार्च और मशाल जुलूस निकाला गया। झंडा चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। अनिता कुमारी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी ने उन्हें नमन किया।** (पेज 7 भी देखें)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### मन की बात में मोदी- महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश

# गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि इस बार प्रयागराज महाकुंभ न केवल विशाल और भव्य होगा बल्कि अनेकता में एकता का संदेश देते हुए पूरे कुंभ क्षेत्र में पहली बार डिजिटल व्यवस्था का प्रदर्शन होगा। आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 117वीं कड़ी में रविवार को देश को संबोधित करते हुए कहा कि अगले माह प्रयागराज में महाकुंभ हो रहा है जो देश की विविधता और भव्यता के साथ एकता का महाकुंभ होगा। कम शब्दों में कहूं-महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश। और अगर दूसरे तरीके से कहना है तो मैं कहूगा...गंगा की अविरल धारा, न वंटे समाज हमारा। देश को यहां से संदेश मिलेगा। उन्होंने कहा, मन की बात से पता चलता है कि हमारा भारत, विविधता में एकता के साथ कैसे आगे बढ़ रहा है। चाहे वो खेल का मैदान हो या विज्ञान का क्षेत्र, स्वास्थ हो या शिक्षा हर क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमने एक परिवार की तरह मिलकर हर चुनौती का सामना किया और नयी सफलताएं हासिल की है।

**कुंभ एकता का महाकुंभ :** पीएम ने कहा, अगले महीने 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। यहां करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएँ, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं भेदभाव नहीं दिखता, कोई बड़ा नहीं होता, कोई छोटा नहीं होता। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। (शेष पेज 11 पर)

#### मन की बात सामूहिक शक्ति का जीवंत दस्तावेज

पीएम मोदी ने कहा, मन की बात की 116 कड़ी प्रसारित हो चुकी है। यह खुशी की बात है कि इससे लोगों में नयी ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह सामूहिक शक्ति का जीवंत दस्तावेज बना रहा है। 117वीं कड़ी के प्रसारण में उन्होंने कहा कि हमारा भारत, विविधता में एकता के साथ आगे बढ़ रहा है। चाहे वो खेल का मैदान हो या विज्ञान का क्षेत्र, स्वास्थ हो या शिक्षा हर क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप सभी ने इस कार्यक्रम को अपनाया, अपना बनाया। हर महीने आपने अपने विचारों और प्रयासों को साझा किया। कभी किसी युवा इनोवेटर के आईडिया ने प्रभावित किया, तो कभी किसी बेटी की उपलब्धि ने गौरवान्वित किया। देश के कोने-कोने से सकारात्मक ऊर्ज को एक साथ लाती है। हमने एक परिवार की तरह मिलकर हर चुनौती का सामना किया और नयी सफलताएं हासिल की है।

### पूजा का निलंबन खत्म करने की फाइल बढ़ी

**रांची।** जेल से जमानत पर बाहर आयीं चर्चित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल का निलंबन वापस लेने की तैयारी चल रही है। सरकार के निर्देश पर कार्मिक विभाग ने निलंबन वापस लेने संबंधी संचिका बढ़ा दी है। इस संचिका पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी विचार कर रही है। कमेटी की अनुशंसा के आलोक में उनका निलंबन वापस लिया जा सकता है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री की भी सहमति ली जायेगी। ऐसे में जेल से रिहा होने के बाद उनका निलंबन वापस लेने पर विचार किया जा रहा है। निलंबन वापस लेते ही उनकी पोस्टिंग भी कर दी जायेगी। मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल को इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। उन्हें इसी महीने की 7 दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है।

# भाजपा नेता रमेश सिंह से पीएलएफआई ने मांगी रंगदारी, संगठन को सपोर्ट करने की बात कही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के जाने-माने बिल्डर और भाजपा नेता रमेश सिंह से पीएलएफआई के नाम पर फोन करके संगठन को मदद करने की बात कही गई है। इस संबंध में भाजपा नेता सह बिल्डर रमेश सिंह ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

भाजपा नेता की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि शनिवार को उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को



पीएलएफआई संगठन से जुड़े होने की बात बतायी। उसने भाजपा नेता से कहा कि संगठन के कमांडर समेत सदस्यों की नजर उन पर है। संगठन को सहयोग करें। संगठन भी आपका सहयोग करेगा। साथ ही धमकी दी गई है कि यदि संगठन को सहयोग नहीं किया गया तो फिर उनके खिलाफ संगठन कार्रवाई करेगा।

### लोकेशन तलाशने में जुटी पुलिस

सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की तफ्तीश की जा रही है। इस मामले में पुलिस टेक्निकल सेल की भी मदद ले रही है। भाजपा नेता को जिस नंबर से कॉल आया था, उसकी भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इसको लेकर सुखदेव नगर थाना पुलिस तकनीकी से ल की मदद ले रही है।

### हमेशा निशाने पर रहे हैं रमेश सिंह

रमेश सिंह भाजपा नेता होने के साथ-साथ एक बिल्डर हैं और शहर के जाने-माने समाजसेवी भी हैं। अपराधियों ने कुछ वर्ष पूर्व उन्हें टारगेट करने की कोशिश भी की थी। इसकी वजह से उन्हें सुरक्षा भी उपलब्ध करवाई गई है। सबसे हैरानी की बात यह है कि पीएलएफआई के नाम पर फोन करने वाले व्यक्ति ने इस बार न इंटरनेट कॉल का प्रयोग किया और न ही व्हाट्सएप कॉल का, उसने सीधे मोबाइल नंबर से फोन करके संगठन को मदद करने की बात रमेश सिंह से की। यह भी पहली बार हुआ है कि जब संगठन की ओर से रंगदारी को लेकर कितनी रकम देनी है, इसका भी जिक्र नहीं किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रमेश सिंह को जिस सिम कार्ड का प्रयोग कर फोन किया गया था, उसका लोकेशन पश्चिम बंगाल में मिला है।

# भारत के सांस्कृतिक गौरव की गाथा है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात संबोधन प्रेरणादायी, महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण होता है। श्री मरांडी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड के प्रसारण सुनने के बाद कही। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं को संजोये हुये है। गौरव गाथाओं के साथ सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति, बढ़ते भारत और बदलते भारत की झलक होता है। उन्होंने कहा कि



आगामी 14 जनवरी से प्रयागराज में लग रहे कुंभ में दिखने वाली भारत की एकता और श्रेष्ठता को समाज जीवन में लगातार बनाये रखने की आवश्यकता है। हमारी विविधतायें देश की कमजोरी नहीं बल्कि विशिष्टता है। यह देश विविधता में एकता का जीता जगता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को प्रधानमंत्री के आह्ान पर निरंतर चलते हुये एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान करने केलिये संकल्पित होना चाहिये। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की विश्व पटल पर बढ़ती ताकत, भारत की प्रतिभाओं को मिलता सम्मान भारत को विश्व की अगुवाई केलिये तैयार कर रहा। युवाओं की ताकत 2047 में विकसित भारत के सपनो को साकार करेगा। पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के नेताओं, प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, विधायकगण, कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में जनता के साथ बैठकर कार्यक्रम को सुना।

# स्टेट हाईवे ऑथिरिटी 889.39 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर कर रहा है काम



साज इन प्रोजेक्ट्स पर कर रहा काम

| प्रोजेक्ट का नाम | लागत (करोड़ में) |
|---|---|
| गोविंदपुर चौक से महुआ मोड़ सड़क | 89.120 करोड़ |
| सरायकेला- राजनगर-चक्रधरपुर सड़क | 68.57 करोड़ |
| पतरातू से मैक्लुस्कीगंज सड़क | 151.47 करोड़ |
| चाईबासा से टोंटो सड़क | 160.48 करोड़ |
| चान्हो-दिघिया-लापुंग रोड | 79.61 करोड़ |
| हजारीबाग रिंग रोड | 50.39 करोड़ |
| कोयल नदी पर ब्रिज | 91.63 करोड़ |
| मयूराक्षी नदी पर पुल | 198.11 करोड़ |

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्टेट हाइवे ऑथिरिटी झारखंड 889.39 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। वहीं 21 प्रोजेक्ट के जरिये 923.64 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम पूरा कर लिया है। इस पर 2435.61 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

# जल शोधन संयंत्र का काम गर्मी से पहले पूरा करें : सुनील कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रूक्का जलागार स्थित निमार्णाधीन जल शोधन संयंत्र के निर्माण को आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने रांची शहरी पेयजलापूर्ति से संबंधित पाइप लाइन के नेटवर्किंग का नक्शा भी देखा और पाइप लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। प्रधान सचिव ने कहा कि जल शोधन संयंत्र का काम गर्मी से पहले पूरा कर लें, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

नगर विकास सचिव ने कहा कि पाइप बिछाने के क्रम में कम से कम सड़क की कटाई एवं खुदाई की जाये। प्रधान सचिव ने जुडको के अभियंताओं को तिलता चौक से रातू रोड के पिस्का मोड़ तक पाइप बिछाने के काम में आ रही बाधा पर एनएचआई के साथ समन्वय बना कर काम करने का निर्देश दिया।

## डॉ प्रदीप वर्मा बने प्रदेश चुनाव अधिकारी



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण ने झारखंड के चुनाव अधिकारी, सह चुनाव अधिकारी की घोषणा की है। डॉ के लक्ष्मण ने झारखंड के चुनाव अधिकारी के रूप में प्रदीप वर्मा को नामित किया गया है। जबकि, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सुनीता सिंह एवं दुर्गा मरांडी को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे किशोर कुणाल : सुबोधकांत सहाय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने सेवानिवृत आइपीएस एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष किशोर कुणाल के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. कुणाल विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहते हुए उन्होंने अपने कार्यकाल में अपराध नियंत्रण के लिए जो कार्य किए, वह एक मिसाल है, धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाना उनकी खासियत थी। उन्होंने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। उनका असामयिक निधन समाज के सभी वर्गों के लिए अत्यंत दुखदायी है। सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति व उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने राजकोट में राष्ट्रकथा शिविर में लिया हिस्सा

## ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म के प्रसार को हैं संकल्पित : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गुजरात के राजकोट में प्रत्येक वर्ष आयोजित राष्ट्रकथा शिविर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुये। यह शिविर 10 दिनों तक चलेगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 2 लाख से अधिक विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान, शोधार्थी, विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हो रहे हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की परिचर्चा के लिये आयोजित यह शिविर पिछले 25 वर्षों से आयोजित हो रहा है। श्री सेठ ने कहा कि राष्ट्र के इस महायज्ञ में शामिल होकर खुद को कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। इसके



आयोजक स्वामी धर्मबंधु के द्वारा विद्वानों के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रकथा शिविर राष्ट्र के जागरण का बड़ा माध्यम है। इसमें देश भर के लाखों विद्यार्थी और शिक्षक भाग लेते हैं। यह शिविर भारत के ऐतिहासिक गौरव का बोध कराने के उद्देश्य से आयोजित होता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में हर वर्ग से उमड़ा समूह भारत का प्राचीन गौरव फिर से लौटाने को कृत संकल्पित है।

## डुमरी विधायक जयराम महतो की दादी का सब्जी बेचते वीडियो हुआ वायरल

# विधायक जयराम महतो की दादी ने कहा, अब मेरी एक ही इच्छा, जल्दी हो जाये पोते की शादी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएलकेएम के डुमरी विधायक जयराम महतो इन दिनों झारखंड की राजीनित में काफी चर्चा में हैं लेकिन उनकी दादी भी उनसे कम नहीं है। विधायक जयराम महतो की दादी की भी सब्जी बेचते फोटो सामने आई है। इसके बाद से उनकी खूब चर्चा हो रही है। अब उनकी दादी झुमरी देवी झारखंड में काफी मशहूर हो गई हैं। उनका पोता विधायक बन गया है। अब, वह अपने पोते को दुल्हा के रूप में देखना चाहती हैं।

मालूम हो कि डुमरी विधायक





जयराम महतो की दादी झुमरी देवी तोपचाची प्रखंड के बुधनी हटिया में सब्जी बेचने गई थीं। इस दौरान किसी ने जयराम महतो की दादी का फोटो खींच कर वायरल कर दिया। इसके बाद से उनकी खूब चर्चा हो रही है।

### आखिर क्यों बेच रही थीं सब्जी

डुमरी विधायक जयराम महतो का आवास तोपचांची प्रखंड के मानटाड़ में है। घर का माहौल सादगी से भरा है। जयराम महतो की दादी काफी वृद्ध होने के बाद भी घर और खलिहान में उगी सब्जियों की देखभाल करती हैं। वह लाठी से सब्जियां तोड़ती हैं। फिर उसे बाजार में बेच देती हैं। उम्र के इस पड़ाव में उनकी अपने पोते से एक इच्छा है। वह अपने पोते जयराम महतो की जल्द शादी कराना चाहती हैं। जयराम महतो की दादी के अनुसार उनकी बहू की तबीयत खराब होने के कारण वह सब्जी बेचने गई थीं। अब वह सब्जी बेचने नहीं जाएंगी। सभी ने उन्हें पहचान लिया है। वहीं जयराम महतो की परिजनों का कहना है कि घर में सब्जियां हैं। रखे-रखे खराब हो जाती हैं, तो दादी सब्जी बेचने चली जाती हैं। घर में लोग कम कीमत पर सब्जी मांगते हैं। बाजार में सब्जियां अधिक कीमत पर बिकती हैं। दादी पहले भी सब्जी बेचने जाती थीं। विधायक बनने के बाद पहली बार सब्जी बेचने गयीं थी। तभी किसी ने फोटो ले लिया और वायरल कर दिया।

## दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को नौ माह से नहीं मिल रही छात्रवृत्ति : बाबूलाल

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में 34 लाख दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को पिछले नौ महीनों से छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। श्री मरांडी ने कहा है कि ग्रीन राशनकार्ड धारकों का अनाज सात महीने से बकाया है, जिससे गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार मंईयां सम्मान योजना के भुगतान के लिए बच्चों की छात्रवृत्ति, बुजुर्गों की पेंशन और गरीबों के राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं को छीनने पर मजबूर हो गई है। विभागों की राशि सरेंडर करा कर विकास योजनाओं को रोक दिया गया है, जिससे राज्य में विकास की गति पूरी तरह ठहर गई है। मरांडी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री के आर्थिक कुप्रबंधन और प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है, जो झारखंड के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। समाज के एक वर्ग को संतुष्ट करने के लिए बाकी सारे वर्ग के अधिकारों की बलि चढ़ा देना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री, बच्चों की छात्रवृत्ति और गरीबों के राशन का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक जताया है।

# झारखंड हाईकोर्ट का 2024 का लेखा-जोखा : कई गैरजरूरी पीआईएल को किया गया निष्पादित

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के लिये इस 2024 कई मायने में यादगार रहेगा। हाईकोर्ट को दो नये चीफ जस्टिस मिले। वही, नये चीफ जस्टिस के आने तक एक्टिंग चीफ जस्टिस की भूमिका में जस्टिस एसएन प्रसाद ने कम समय में कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किये। जस्टिस एस चंद्रशेखर का हस्तांतरण किया गया। हाईकोर्ट को नया चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मिला है। हाईकोर्ट ने कई गैर जरूरी अनावश्यक पीआईएल को निष्पादित किया। बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी जनहित याचिकाओं में अहम आदेश पारित



किया गया। जेपीएससी एवं जेएसएससी से जुड़े मुद्दे भी छाये रहे। हाईकोर्ट से कई आरोपियों को जमानत की सुविधा प्रदान की। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य शामिल है।

**स्वीकृत पद से 8 न्यायाधीश कम :** हर साल की तरह इस साल भी झारखंड हाईकोर्ट में स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या पूरी नहीं हो सकी। वर्तमान में चीफ जस्टिस समेत 18 जज कार्यरत हैं। जबकि न्यायाधीशों की 25 पद स्वीकृत है। 31 दिसंबर को जस्टिस सुभाष चंद्र एवं मार्च 2025 को जस्टिस नवनीत कुमार सेवानिवृत्त हो जायेंगे। सेवानिवृत्त होने के बाद इसकी संख्या 16 हो जायेगी। झारखंड हाईकोर्ट में वर्तमान समय में 74438 केस लंबित है। इसमें से 41421 केस आपराधिक केस शामिल है। हाईकोर्ट में इस साल 38617 मामले आये और 49861 मामलों का निपटारा किया गया।

## खबर एक नजर में

### इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद निलंबन मुक्त, छेड़खानी मामले में लापरवाही का था आरोप

**रांची।** इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद को निलंबन मुक्त कर दिया गया। उन पर छेड़खानी मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। रंजीत प्रसाद कोतवाली थाना के प्रभारी थे। इस मामले की जांच में उनके खिलाफ लगे आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई। जिसके बाद उन्हें निलंबन मुक्त कर दिया गया। डीआइजी अनुप बिरथरे के आदेश के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

### पूर्व आइपीएस किशोर कुणाल के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम बाबूलाल मरांडी ने समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किशोर कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिये एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

### पूर्व आइपीएस किशोर कुणाल का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति : सरयू राय

**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने अपने विद्यार्थी जीवन के सखा पूर्व आईपीएस अधिकारी और बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक न्यक्त किया है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सरयू राय ने लिखा कि पटना के श्री हनुमान मंदिर से प्रसिद्ध आचार्य किशोर कुणाल नहीं रहे। आज सुबह हृदयघात ने उन्हें हमसे छीन लिया। वे विद्यार्थी जीवन से हमारे मित्र रहे हैं। मेरे बुलाने पर वे केबुल टाऊन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में आये थे। किशोर जी का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति है। श्री राय ने आगे लिखा कि आचार्य किशोर कुणाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, अध्यात्म आदि क्षेत्रों में यशस्वी संस्थाओं का निर्माण किया। वह एक मिसाल बन गये थे। ईश्वर पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करें। मर्माहत परिवारजनों एवं सुहृद समूह को शोक सहन करने की क्षमता दें। उनकी कृतियों को आगे बढ़ाने का आशीष दें। गौरतलब है कि कौशल किशोर पटना के महावीर मन्दिर न्यास के सचिव भी थे। वह पटना के ज्ञान निकेतन नामक प्रसिद्ध विद्यालय के संस्थापक भी थे।

### सदर एसडीओ को किया जाये पदमुक्त : सांसद

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की जलने से हुई मौत की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से आग्रह है कि सदर एसडीओ को अपने दायित्व से पद मुक्त किया जाए ताकि बिना किसी दबाव के जांच किया जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उन्होंने यह भी कहा की इस संबंध में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और जिला प्रशासन से विस्तृत चर्चा हुई है और दोषियों पर कार्रवाई करने एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह उनसे किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि इस घटना से समस्त हजारीबाग शर्मसार है और इसमें न्याय जरूर होगा।

## झूठी खबरों पर सख्त कार्रवाई करेंगे, स्वास्थ्य मंत्री की दो-टूक चेतावनी

# एक डॉक्टर होने के नाते ईमानदारी से काम कर रहा हूं, सपोर्ट करें : डॉ. इरफान अंसारी

### मंत्री ने विभागीय सचिव से बात कर झूठी खबर की सत्यता की जांच का दिया आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक दैनिक समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित भ्रामक और तथ्यहीन समाचार पर कड़ी आपत्ति जताई है। यह खबर, जो सरकारी अस्पताल की स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है, स्पष्ट रूप से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई है। इससे पहले, एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल ने भी इसी प्रकार की झूठी खबरें प्रसारित की थीं। आज, एक समाचार पत्र ने झूठे आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अस्पतालों में बिस्तर 2000 लेकर दिए जा रहे हैं। यह आरोप पूरी तरह से निराधार और तथ्यहीन हैं।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अस्पताल का दौरा कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे। स्वास्थ्य विभाग में किए गए सुधार झारखंड की जनता के सामने हैं। इसके बावजूद, कुछ तत्व जानबूझकर विभाग की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। आगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विभाग के सचिव को निर्देश दिया है कि पूरे मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाए और घटना की सत्यता उजागर की जाये। उन्होंने



कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ समूह जानबूझकर विभाग के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं।

डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मेरी ईमानदारी और मेहनत को पचाना कुछ खास लोगो के लिए मुश्किल हो गया है। अगर किसी को समस्या है, तो मुझसे सीधे संपर्क करें और समाधान में मेरी मदद करें, लेकिन झूठी खबरों के जरिए सरकार और विभाग की छवि खराब करना सरासर गलत है। मंत्री ने संबंधित मीडिया समूह को चेतावनी दी कि यदि खबरें झूठी पाई गईं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अगर आरोप सही साबित हुए तो रिम्स प्रबंधन और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने जनता से अपील की है कि वे ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या या जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग से सीधे संपर्क करें।

## स्पीड न्यूज



### श्रीमती शेफाली पंडया ने अखंड दीप कलश यात्रा को दिखायी झंडी

**जमशेदपुर।** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, गोलपहाड़ी जमशेदपुर से अखंड दीप कलश यात्रा का शुभारंभ श्रीमती शैफाली पांड्या के द्वारा झंडा दिखाकर प्रारंभ किया गया। श्रीमती शैफाली पांड्या शांतिकुंज हरिद्वार से विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जो कि शांतिकुंज हरिद्वार के ट्रस्ट मंडल के सदस्य के अलावा युवाओं का प्रेरणाश्रोत हैं। शांतिकुंज हरिद्वार में आज 99 वर्ष पूर्व स्थापित की गई अखंडीप 2026 में शताब्दी के अवसर पर गायत्री मंदिर से प्रारंभ की गयी।

### बाइक चोर गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** बीती रात 28 दिसंबर को रात्रि 10 बजे मानगो थाना अंतर्गत एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोर गिरोह के 07अपराधियों को 05 बाइक एवं बाइक पार्ट्स के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार अपराधियों के नाम हैं : ताजनगर, कपाली निवासी शेख साजिम, गौसनगर कपाली निवासी अब्दुल कलाम मल्लिक उर्फ कलाम 19 वर्ष, ताजनगरकपाली निवासी 25 वर्षीय मो शहबाज, ताजनगर कपाली निवासी 21 वर्षीय मो आदिल, चुना शाह कालोनी, ओलीडीह निवासी 19 वर्षीय मिन्हाजुद्दीन अंसारी उर्फ मीनू, जवाहर नगर रोड नंबर 11 निवासी मो फिरोज उर्फ चेपा 19 वर्ष और जवाहरनगर रोड नंबर 14 निवासी मो इमरान। गिरफ्तार युवकों में मो इमरान और अफरोज उर्फ चेपा पहले भी बाइक चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं।

### बंगाल पंप लूट मामले में गम्हरिया में छापा

**गम्हरिया।** विगत दिनों बंगाल के खड़गपुर-तारापुर मुख्य मार्ग पर सिंह मोटर सर्विस पेट्रोल पंप पर हुए दिनदहाड़े लूट के प्रयास मामले में खड़गपुर पुलिस ने सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के बोलाईडीह स्थित वृहस्पति गोराई के घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान वह फरार मिला। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसके सहयोगी राज कुमार महतो को हिरासत में लेते हुए पूछताछ के बाद आगामी 31 दिसंबर को खड़गपुर थाना में पेश होने का नोटिस देकर बेल बान्ड पर रिहा कर दिया।

### पटेल स्कूल ने किया सीताराम को नमन

**जमशेदपुर।** सम्मानित उद्योगपति, शिक्षाविद एवं समाजसेवी स्वर्गीय सीताराम रुंगटा जी के जयंती के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल विद्यालय, छोटा गोविंदपुर जमशेदपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष एवं पटेल सेवा समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने किया। इस जयंती समारोह में उपस्थित विभिन्न समाज के लोग, मजदूर संगठन एवं विद्यालयों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। सर्वप्रथम रामाश्रय प्रसाद ने सीता राम रुंगटा जी के पर माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### हुरलुंग टुसू विदाई यात्रा में जुटेंगे हजारों लोग

**जमशेदपुर।** आदिबासि कुड़मि समाज लुआबासा गांव संयोजक रंजीत महतो बानुआर की अध्यक्षता में लुआबासा ,बनडीह,खंचाबाजार में टुसु परब पर जड़ुआही किया गया। जड़ुआही में उपस्थित जनों को आकुस जिला पुर्वी सिंहभुम सह संयोजक प्रकाश महतो केटिआर ने टुसू परब पर प्रकाश डाला एवं हुरलुंग गांव में आयोजित एक मासिया टुसू परब का पुस संक्रांति 14 जनवरी 2025 मंगलवार को टुसू बिदाइ शोभा यात्रा में शामिल होने हेतु नेउता दिया। उपस्थित सभी जनों ने एक सुर में कहा की सैकड़ो की संख्या में टुसु बिदाई शोभा यात्रा में शामिल होने। मौके पर नेपाल महतो, तपन महतो, पानतुराम महतो, रंजीत महतो, सनअका महतो, चम्पा महतो, आसा महतो, सुमित्रा महतो, सेफाली महतो, फुल्की महतो, रिता महतो, सुनिता महतो, तिलकतमा महतो, बिनापानी महतो आदि थे।

# गोपाल मैदान में 34वीं वार्षिक फूल प्रदर्शनी, लोग हो रहे आकर्षित

■ 41वां अखिल भारतीय गुलाब सम्मेलन सह गुलाब प्रदर्शनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**










1. फ्लावर शो का उद्घाटन करते चाणक्य चौधरी। साथ में श्रीमती रुचि नरेंद्रन। 2. फ्लावर शो में बोनसाई पौधों का अवलोकन करते चाणक्य चौधरी, डीबी सुंदरामम और श्रीमती सुंदरामम। 3. फ्लावर शो के दौरान गुलाब के फूलों को निहारती किशोरियां।

**जमशेदपुर।** हर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर आयोजित कर रहा है 12 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद दो महत्वपूर्ण पुष्प उत्सव 34 वीं वार्षिक फूल प्रदर्शनी और 41 वां अखिल भारतीय गुलाब सम्मेलन सह गुलाब प्रदर्शनी आज से गोपाल मैदान में शुरु हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, श्रीमती रुचि नरेंद्रन और वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरामम की उपस्थिति में किया।

यह भव्य आयोजन 29 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक क्रमशः गोपाल मैदान और तुलसी भवन में होगा, जो फूलों के प्रति प्रेम करने वालों और प्रति प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। चारों तरफ गुल और गुलाब है, जमशेदपुर में आई बहार है थीम पर आधारित यह आयोजन पुष्प प्रेमियों और आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण लेकर आ रहा है। यह आयोजन न केवल बागवानी के सौंदर्य और विज्ञान का उत्सव है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जमशेदपुर के फ्लोरीकल्चर की समृद्ध परंपरा को भी बढ़ावा देता है।

### प्रदर्शनी के आकर्षण

- दुर्लभ और खूबसूरत फूलों का प्रदर्शन, विशेष रूप से गुलाब।
- पुणे, नागपुर, दिल्ली, कोलकाता, रांची और भारत के अन्य हिस्सों से नामी फ्लोरीकल्चर विशेषज्ञों और प्रदर्शकों की भागीदारी।
- बागवानी विशेषज्ञों का वर्कशप और इंटरएक्टिव सेशन।
- सर्वश्रेष्ठ फूलों, फूलों की सजावट और नवीन डिजाइनों की प्रतियोगिताएं।
- 30 नर्सरी और 16 अक्टोजन हैंगर जहां बागवानी की सभी आवश्यकताएं उपलब्ध होंगी।
- 10 फूड स्टल जो भोजन प्रेमियों के लिए खास व्यंजन परोसेंगे।

# नारी विद्या, लक्ष्मी और निर्माण की प्रतीक, श्रेष्ठ समाज का निर्माण नारी के हाथ : शेफाली पंडया

■ तीन दिवसीय नारी सशक्तिकरण एवं युवा जागरण शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वयं के निर्माण के संकल्प से श्रेष्ठ समाज के निर्माण के अवहान के साथ आज विरसा मुंडा टाउन हल सिद्गोरा मे प्रांतीय युवा समन्वय समिति झारखण्ड एवं प्रज्ञा महिला मण्डल टाटानागर द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन मे विगत तीन दिनों से चल रहे नारी सशक्तिकरण एवं युवा जागरण शिविर का ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हो गया। इस शिविर में झारखंड के 24 जिलों के 1100 भाई बहनों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री विद्यापीठ शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख परम आदरणीय शेफाली पांड्या जीजी, श्रीमती श्यामा राठौर, अरुंधति साहू, ओमप्रकाश राठौर मुख्य रूप से शिविर को तीन दिनों में संबोधित किया।

मुख्य अतिथि शेफाली पंडया ने नारी सशक्तिकरण एवं युवा जागरण के विषय पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी विद्या की प्रतीक है निर्माण की प्रतीक है तो वही संघर्ष और साहस का प्रतीक बनकर भी चुनौतियों का सामना किया। लक्ष्मी के रूप में दुख अभाव से मुक्त करती है ,तो वहीं दुर्गा बनकर शक्ति और साहस का संचार करती हैं। वर्तमान समय में नारी शक्ति फैशन परस्ती, श्रृंगारिता ,अश्लीलता के चक्रव्यूह में अपने स्वास्थ्य और चरित्र को कमजोर बना रही है, वहीं युवा वर्ग व्यसन और कामुकता के चक्रव्यूह में फंसकर अनमोल जीवन को बर्बाद कर रहा है इसीलिए गायत्री परिवार का आंदोलन राष्ट्रीय आधारशिला नारी की सशक्तिकरण स्वास्थ्य संवर्धन स्वावलंबन एवं प्राचीन



शिविर के अंतिम दिन शेफाली पंडया को स्मृति चिन्ह देते गायत्री परिवार के लोग।

गौरव गरिमा से परिचित कराते हुए फिर से'' 21वीं सदी - नारी सदी के रूप'' में उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ाना है और युवा वर्ग को स्वस्थ शालीन सेवाभावी और स्वावलंबी बनाकर राष्ट्र को समर्थ और सशक्त बनाना है। यह झारखंड की धरती कभी क्रांतिकारियों की भूमि रही इसी पावन धरा से सिद्धू कानू ,चांद भैरव, बिरसा मुंडा भगवान बनकर आज भी प्रेरणा के स्त्रोत बने हुए हैं, आज जरूरत है फिर से उनके आदर्शों के पथ पर चलकर अपनी जवानी को सार्थक और सफल बनाने की।

**टाटानगर यूनिट 58 शिविर में 10 हजार यूनिट रक्त संग्रह किया :** इस कार्यक्रम में कुछ महत्वपूर्ण रचनात्मक कार्यक्रमों की प्रस्तुति झारखंड के अलग-अलग जिलों से हुए जिसमें टाटानगर ब्लड डोनेशन कैंप के मामले में अभी तक 58 शिविर आयोजित कर चुका है जिसमें लगभग 10000 यूनिट रक्त संग्रह करके ब्लड बैंक को दान कर दिया गया। गिरिडीह जिला सात गांव के देवी मंडप को पशु बलि से मुक्त किया। रांची के द्वारा इंटरनेशनल स्टेडियम सहित लातेहार हजारीबाग तेनुघाट कोडरमा के जेल में विचार क्रांति के अंतर्गत प्रेरणाप्रद सदवाक्य के लेखन किया है। डिवाइन वर्कशप के अंतर्गत कोडरमा टाटानगर के लगभग 5000 विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं जीवन प्रबंधन के स्वर्णिम सूत्र पर संदेश सुनाया। देवघर साधना आंदोलन के अंतर्गत 24 नवंबर को 24 घंटे के अंदर 24 लाख गायत्री मंत्र के सामूहिक अनुष्ठान को पूर्ण किया। सड़क दुर्घटना में मृत पंचदेव यादव के परिवार को 15 लाख रुपये की मदद की गयी।

## एक नजर में

### आज जुगसलाई पहुंचेगी ढांढण वाली दादी जी की दिव्य ज्योत रथयात्रा



**जमशेदपुर।** भारत भ्रमण पर निकली कुल देवी श्री ढांढण वाली दादी मां (श्री टीडा गेला दादी जी) की दिव्य ज्योत रथयात्रा सोमवार 30 दिसंबर को जुगसलाई पहुंचेगी। यह ज्योत रथयात्रा कोलकाता से जमशेदपुर आयेगी। जुगसलाई चौक बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में दोपहर 3 बजे दिव्य ज्योत रथयात्रा का स्वागत किया जायेगा। शाम 5 बजे से शिव मंदिर में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल टाटानगर कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक सीता राम भरतिया, माधव भरतिया, विराट भरतिया एवं निखिल बजाज ने बताया कि स्वागत यात्रा में छउ नृत्य, ऊंट सावरी, बैंड बाजा के साथ सभी भक्त दादी मां की ध्वजा लेकर साथ चलेंगे। जुगसलाई एमई स्कूल रोड स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर पहुंचकर स्वागत यात्रा संपन्न होगी। भजन संध्या में आमंत्रित कलाकार कोलकाता के मूलचंद बजाज, अविनाश अग्रवाल, मोनू मोर एवं कविता अग्रवाल भजनों की शानदार प्रस्तुति देंगे।

### अत्याचारियों का समूल नाश करने के लिए भगवान लेते हैं अवतार : आचार्य आशुतोष



**जमशेदपुर।** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेंटर में चल रहे भागवत कथा में चौथे दिन रविवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के जन्म का मनोरम वर्णन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म प्रसंग शुरू होते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे। भागवत कथा में कृष्ण जन्म की बधाई सुन श्रोता नाचने लगे और वातावरण ष्णमय हो गया। उन्होंने धर्म और मर्यादा के पालन हेतु आज की युवा पीढी को भगवान श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। भक्त भगवान सेवा समिति द्वारा आयोजित कथा के दौरान राम जन्म, राम चरित्र और कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। महाराज श्री ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा।

### धरती आबा के पोता सुखराम मुंडा पहुंचे चांडिल सामाजिक विषय पर हुई जोरदार चर्चा



**चांडिल।** रविवार को रुचाप पंचायत के मुखिया सूकुंतला सरदार के घर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पोता सुखराम मुंडा अपने पुत्र जंगल सिंह मुंडा के साथ मुखिया के आवास पहुंचे। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि सह ग्राम प्रधान बनु सिंह सरदार से उन्होंने काफी देर तक समाज से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया। सुखराम मुंडा ने कहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा समाज को आगे बढ़ाने में आप सब आगे आए। इस मौके पर पशुपति सिंह सरदार, रविन्द्र सिंह सरदार, भिषम देव मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नव नियुक्त चांडिल थाना प्रभारी का हुआ स्वागत



**चांडिल।** नव नियुक्त चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुआ का चांडिल मुखिया प्रतिनिधि कुंज बिहारी गोप ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चांडिल की कई समस्याएं गिनायीं। चांडिल बाजार में प्रतिदिन लगने वाले जाम से भी अवगत कराया। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि बाजार को जाम से निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा। दिलशान बिरुआ गिरिडीह में सेवा दे चुके हैं।

### तीन दिवसीय संथाली ओलचिकी बोर्ड परीक्षा का हुआ समापन, फरवरी में आयेगा रिजल्ट



**जादूगोड़ा।** संथाली ओलचिकी भाषा को बढ़ावा देने को लेकर असेका द्वारा संचालित शीतकालीन तीन दिवसीय (27-29 दिसंबर) संथाली ओलचिकी बोर्ड परीक्षा रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासियों के विद्या की देवी विदुऋ चदान की प्रार्थना से की गयी। इधर आज रविवार को गणित, हिन्दी व इंग्लिश विषयों की परीक्षा हुई। नरवा पहाड़ यूसिल कलोनी सी टी सी में आयोजित इस परीक्षा में प्राइमरी, मिडिल व मैट्रिक समेत इंटरमीडिएट स्तर पर संथाली ओलचिकी बोर्ड परीक्षा ली गयी। असेका के महासचिव शंकर सोरेन ने झारखंड सरकार जल्द संथाली ओलचिकी अकादमी का गठन करने की मांग की है ताकि केजी से पीजी तक संथाली ओलचिकी की पढ़ाई चालू हो सके। वहीं संथाली ओलचिकी शिक्षकों की बहाली का मार्ग प्रशस्त हो सके। इसमें पोटका, गालूडीह राजनगर, नरवा पहाड़ से 55 महिला व पुरुष परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया जबकि पूरे प्रदेश से करीबन 700 परीक्षार्थी परीक्षा में हिस्सा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असेका के महासचिव शंकर सोरेन, आसड़ा स्कूल के प्राचार्य दुर्गा प्रसाद मुर्मू, लोबो मुर्मू सुराई मुर्मू, वीरेन टुडू लगे थे।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने सुनी पीएम के मन की बात

■ कहा- पीएम नरेन्द्र मोदी की बातें समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए हैं प्रेरणादायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने रविवार को अपने एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय पर बूथ संख्या 32 के बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के 117वें संस्करण को सुना। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों और प्रेरणादायक संदेशों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश की उपलब्धियों, प्रेरक पहल और ज्ञानवर्धक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने आगामी कुंभ मेले में



डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वेबसाइट के माध्यम से नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने की पहल का उल्लेख किया। पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में मलेरिया और कैंसर के खिलाफ लड़ाई पर भी चर्चा की गयी।

## बड़ा हनुमान मंदिर, मानगो में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन त्रयंबक महादेव मंदिर, बड़ा हनुमान मंदिर मानगो में सुबह 11:00 बजे से 5 बजे तक किया गया। जिसमें झारखंड राज्य के कोने-कोने से आए कवियों-कवयत्रियों ने अपनी एक से बढ़कर एक काव्य प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. जटाशंकर पांडेय, डा ओपी आनंद एवं समाजसेवी नीरज सिंह थे। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक शोभा किरण ने सरस्वती वंदना से



कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करती कवयित्री।

की। कवियों में प्रमुख रूप से जीतेश कुमार तिवारी, ममता कर्ण मनस्वी, राजीव थेपड़ा, जयप्रकाश पांडेय, आरती श्रीवास्तव विपुला, कृष्ण आजमगढ़ी, पीयूष राज पारस, रीना सिंह सलोनी, राज रामगढ़ी, विजय नारायण सिंह बेरूका , उत्तम लयकार, निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी, ऋषि ऋषभदेव, सोनी सुगंधा, ड सुनीता बेदी, डा नवीन चंद्र ठाकुर, अभिमन्यु सिंह, कल्याणी झा कनक, संजय सनेही, साबिर नवाद्वी, अनुपम श्री, शोभा किरण एवं रोहित अंबष्ट थे।

## लोक समर्पण : बिरसानगर क्षेत्र में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में बढ़ती ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से शहर की समाजिक संस्था लोक समर्पण के द्वारा रविवार को बिरसानगर क्षेत्र में कंबल वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी ललित दास के नेतृत्व में बिरसानगर स्थित 1बी हरि मंदिर माछपाड़ा में स्थानीय जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ललित दास के संग संस्था के सदस्यों ने पांच सौ से अधिक लोगों को कंबल भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने स्थानीय लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने बताया कि संस्था लोक समर्पण के



कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी ललित दास।

द्वारा जमशेदपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों की लगातार सेवा की जा रही है। बढ़ते ठंड के मद्देनजर लोगों को ठंड से बचाव हेतु संस्था के युवा सदस्य लगातार जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल सेवा के जरिये उन्हें राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में लोगों में कंबल वितरण किया गया है।

## न्यू सिद्गोड़ा पूजा कमेटी का क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** न्यू सिदगोड़ा पूजा कमेटी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिदगोड़ा सिनेमा मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि झामुमो के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, विशिष्ट अतिथि शिव शंकर सिंह, कमेटी के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, समरेश सिंह व अन्य उपस्थित हुए। टूर्नामेंट में कुल 24 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 5 जनवरी को खेला जायेगा, जिसमें विजेता टीम को 50 हजार रुपये एवं ट्रॉफी एवं उप विजेता टीम को 30 हजार रुपये एवं ट्रॉफी और मैन ऑफ द सीरीज को 5 हजार रुपये बतौर इनाम दिये जायेंगे। टूर्नामेंट के हर मैच में मैन ऑफ द मैच को भी उचित राशि और मोमेंटम दिया जायेगा। पहला मैच आज यूथ आईकन और यूथ चौम्प के बीच खेला गया।

# सेवंती की तरह श्रद्धा और विश्वास हो तो शिव जी की कृपा निश्चित होगी : वृजनंदन शास्त्री

■ गौ की सेवा के लिए सभी मंदिरों में रखना चाहिए एक दान पात्र

■ मानगो वसुन्धरा एस्टेट में शिव कथा का चौथा दिन- रविवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन रविवार को वृन्दावन से पधारे कथावाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने श्री गणेश प्रकट महिमा, नंदी महिमा, पार्वती मंगल, विश्वनाथ मल्लिका और भगवान भोलेनाथ की परम भक्त सेवंती की कथा का विस्तार से वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि सेवंती की तरह अगर भगवान शिव पर श्रद्धा और विश्वास हो तो निश्चित ही शिव कृपा होगी। गुरुजी ने गौमाता के संरक्षण हेतु कहा कि हर मंदिर में एक दान पात्र गौ माता की सेवा के लिए रखना चाहिए। धर्म को बचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया। कार्तिकेय भगवान गणेश से उम्र में बड़े हैं। लेकिन एक श्राप के कारण कार्तिकेय हमेशा बाल्य रूप में रहते हैं। महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से शिव पुत्र गणेश कार्तिक महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि धरती में 1 मुख से 14 मुख तक के रुद्राक्ष होते हैं और सभी रुद्राक्ष अलग-अलग होते है। उन्होंने रुद्राक्ष की महिमा का गुणगान किया। महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया।



कथा सुनाते बृजनंदन शास्त्री।

## स्पीड न्यूज

### नाली का पानी सड़क पर, राहगीर परेशान



**सतबरवा पलामू।** पुराना थाना के समीप रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर नाली के गंदा पानी बहाव होने से आसपास दुकानदारों तथा राहगीरों को काफी परेशानियों हो रही हैं। वाहनों के आने-जाने के दौरान गंदा पानी का छींटा राहगीरों को पड़ता है जिससे राहगीर परेशान हैं। मो शमीम ने बताया कि कई घरों के गंदे पानी के अलावा सोलर आधारित चापानल का पानी हमेशा बहता रहता है। पानी निकास के लिए नाली निर्माण को लेकर मुखिया, बीडीओ तथा डीसी को भी बताया गया है मगर इस पर अभी तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया है।

### हिंदू संगठनों ने ली धर्म रक्षा की शपथ



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने रविवार को त्रिशूल दीक्षा समारोह मनाया। जिसके तहत हिंदू संगठन के सदस्यों को संगठन ने धर्म रक्षा त्रिशूल दिया। साथ ही धर्म की रक्षा के प्रति सभी को शपथ भी दिलायी। बताया कि एकजुट होकर हिंदू धर्म की रक्षा हेतु त्रिशूल धर्मशस्त्र धारण करें। यह हथियार नहीं, बल्कि धर्म का प्रतीक है। मौके पर मुन्नू बक्सराय, राजकुमार मेहता, विकाश गुप्ता उर्फ मोनू, अंश सोनी, रौशन सोनी, दीपक सोनी, अभिषेक मेहता, सत्येंद्र कुशवाहा, खुद्दल ठाकुर, नागेंद्र कुमार भी थे।

### मोहम्मदगंज पुलिस ने की वाहन जांच



**मोहम्मदगंज पलामू।** पुलिस ने शनिवार की रात मोहम्मदगंज-जपला मुख्य पथ में रविवारीय बाजार के पास सघन चेकिंग अभियान चलाकर शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की। थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में चले अभियान में दर्जनों वाहनों को रोककर चेकिंग की गयी और चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गयी। इस दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि होने पर दो कार और तीन बाइक जब्त किया गया। अभियान में एसआई शेख अमानुल्लाह व पुलिसकर्मी थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने की। जहां नये साल को लेकर थाना प्रभारी ने कई निर्देश दिये। कहा कि नये साल में आये दिन अक्सर दुर्घटना के शिकार लोग होते हैं। इससे बचाव को लेकर प्रशासन विशेष अभियान चला कर सड़क दुर्घटना रोकेगा। हुड़दंग न हो इसकी भी तैयारी पुलिस प्रशासन ने की है। मौके पर नावा खास मुखिया मनोज कुमार, पंसस अखिलेश यादव, पूर्व पंसस मनोज कुमार यादव, मिंटु कुमार, गुड्डू कुमार, नवल राम सहित कई लोग शामिल थे।

### यूनियन ने वित मंत्री का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ पलामू जिला कमेटी के प्रतिनिधि मंडल मजदूर नेता सह महासंघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश सिंह के नेतृत्व में तथा पलामू जिलाध्यक्ष रामाकांत दुबे के संचालन में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके आवास पर मुलाकात कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने आंदोलनरत ऑटो चालकों के लिए न्याय की गुहार वित मंत्री से लगायी थी। जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि पलामू जिला सहित पूरे झारखंड में आम जनता, मजदूर किसान, ऑटो चालकों के मान सम्मान एवं स्वाभिमान पर ठेस नहीं आने देंगे। मौके पर अनुज मिश्रा, अरविंद राम, सुमंत गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, रणजीत सिंह, शंभू प्रसाद, सहित अन्य लोग शामिल थे।

### पिकनिक स्पॉट पर प्रशासन की कड़ी निगरानी



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ सह आइएएस कृष्ण कांत कनवाडिया के निर्देश पर वर्ष 2024 की समाप्ति एवं नववर्ष पर लोग विभिन्न पर्यटन स्थलों में परिवार व दोस्तों संग पिकनिक मनाते हैं। जहां अत्यधिक भीड़ की संभावना है। वहां विधि व्यवस्था बनाये रखना जरूरी है। कोई अप्रिय घटना न घटे, इसे लेकर पिकनिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए विधि व्यवस्था बनाये रखेंगे।

### सेवानिवृत शिक्षक का निधन, शोक



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा हाईस्कूल के सेवानिवृत शिक्षक सह पूर्वडीहा निवासी लालमोहन दुबे का निधन शनिवार की देर रात हो गया। वे कुछ दिनों से रांची के राज हास्पिटल में इलाजरत थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। अंतिम संस्कार कोयल नदी तट किया गया। बड़े पुत्र सत्यपाल ने मुखाग्नि दी। जहां रामलव चौरसिया, पप्पू दुबे, विकास दुबे, रमेश चंद्र द्विवेदी, मुरारी दुबे, उमेश चंद्र द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, ब्रजेश द्विवेदी, रूपेश द्विवेदी, कुलभूल दुबे शामिल हुए।

### शैक्षणिक भ्रमण से बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक क्षमता का होगा विकास



**पांकी, पलामू।** डाल्टनगंज रोड स्थित जीनियस स्टडी प्वाइंट बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु बोधगया, राजगीर के लिए रवाना हुए, जिसे एसेंट पब्लिक स्कूल के संस्थापक विकास प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न तरह के सावधानियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। यह भी कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे मानसिक रूप से सुदृढ़ होते हैं। विकास प्रजापति ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक विकास होता है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को नए वातावरण, संस्कृतियों और स्थितियों का अनुभव होता है। इससे बच्चों की रचनात्मकता बढ़ती है और वे अलग सोचने लगते हैं।

# ग्रामीण स्तर पर पुलिस को सहयोग करें मैं आपकी सेवा में हूं: एसडीपीओ

- एसडीपीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- ग्रामीण स्तर पर पुलिस के दोस्त और दुश्मन पर की चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू पुलिस के निर्देश पर रविवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में एसडीपीओ आईपीएस मो याकूब ने अंचल अंतर्गत सभी थाना प्रभारी एवं पंचायत के मुखिया के साथ बैठक की। कार्यक्रम में एसडीपीओ ने बारी बारी से सभी पंचायत प्रतिनिधियों का परिचय जाना और अपने पुलिस अधिकारियों का परिचय कराया। इस उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिमिनल व क्राइम की अद्यतन जानकारी ली।




**खास बातें :** कई प्रतिनिधियों ने पुलिस गस्ती करने व जपला पथरा रोड सीमा बॉर्डर तथा जपला दंगवार रोड में गस्ती बढ़ाने की शिकायत दर्ज करायी, जिस पर एसडीपीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों को गस्ती से संबंधित रजिस्टर खोलने को कहा। साथ ही अन्य कई बिंदुओं पर एक एक कर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक रिलेशन से ही क्राइम को कम किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को अपना और अधिकारियों को दूरभाष नंबर तथा ग्रामीण सूचना वाहक चौकीदार से सहयोग लेने की बात कही। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आपलोग जनप्रतिनिधि हैं गलत कामो में सहयोग की अपेक्षा पुलिस से न करें। आपके सहयोग ही पुलिस बल हैं बिना आपके सहयोग से क्राइम पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। मौके पर मुखिया ममता देवी, सुषमा देवी, सरिता कुमारी, अमरेंद्र ठाकुर, नरेश पासवान, अशोक चौधरी, लखन यादव, मुखिया पति शिवशंकर यादव, कुंदन पासवान, अशोक यादव, दंगवार ओपी प्रभारी, हुसैनाबाद थाना के अनंत सिंह, श्री निवास सिंह, मनोहर प्रजापति समेत कई पुलिस अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# पलामूवासियों के लिए खुशखबरी: कुंभ स्पेशल ट्रेन डालटनगंज होकर गुजरेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर पलामू।** प्रयागराज में लगने वाला कुंभ को लेकर रेलवे ने भी खास तैयारी किया है। रेलवे के हाजीपुर जोन ने चार कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। चार स्पेशल ट्रेन में से एक ट्रेन पलामू डालटनगंज से होकर गुजरेगी। तितलागढ़-टूंडला-तितलागढ़ 08314 और 083813 पलामू के इलाके से होकर गुजरेगी। तितलागढ़-टूंडला कुंभ स्पेशल ट्रेन 09, 16, जनवरी, 06, 20 एवं 27 फरवरी तितलागढ़ से शाम पांच बजे खुलेगी और पलामू, प्रयागराज से होते हुए टूंडला तक जायेगी। वहीं, टुंडला से प्रयागराज, पलामू होते हुए तितलागढ़ 08313 11,18, 25 जनवरी, 08, 22 फरवरी और 01 मार्च को टुंडला जक्शन से शाम पांच बजे खुलेगी और रात 11 बजे तितलागढ़ पहुंचेगी। ट्रेन राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बरकाकाना, टोरी, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज के रास्ते टुंडला तक जायेगी। यह ट्रेन पलामू के डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। लातेहार के टोरी, बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का स्टॉपेज होगा। कुंभ स्पेशल ट्रेन की जानकारी रेलवे के हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सतीश चंद्र ने साझा किया है। वहीं, रेलवे की ओर से एक और जानकारी साझा की गयी है कि बरकाकाना-वाराणसी और वाराणसी- बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन जो स्पेशल होकर चलती थी अब सामान्य हो गयी है। 03359 बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का नंबर अब 63557 हो गया है, वहीं वाराणसी-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन 03370 अब 63358 हो गयी है।

जिला प्राइवेट स्कूल निदेशक एसोसिएशन ने कराया अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम

# मान्यता नियमावली में संशोधन शीघ्र करे सरकार : अरुणा शंकर

- बच्चों के सर्वांगीण विकास करना एसोसिएशन का उद्देश्य : विनोद मिश्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिला प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने नव वर्ष के आगमन पर पंडित दीनदयाल नगर भवन में अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरूणा शंकर, विशिष्ट अतिथि प्रथम उपमहापौर की पत्नी रिंकु सिंह एवं डेडिकेटेड एकेडमी के डॉ श्वेता कुमारी, एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, सचिव विमल कुमार ने दीप जलाकर किया। अरूणा शंकर ने कहा कि सरकार प्राइवेट स्कूलों को मान्यता लेने के लिए दबाव बना रही है। लेकिन मान्यता नियमावली जटिल है। सरकार इसमें बदलाव करे तभी पूरे राज्य के निजी स्कूल मान्यता ले सकते हैं। नहीं तो मान्यता के अभाव में वे बंद हो जायेंगे। इससे मध्यम वर्ग के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से एक ओर वंचित हो जायेंगे। वहीं पूरे राज्य में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो जायेगी।

**खास बातें :** विशिष्ट अतिथि रिंकु सिंह ने धन्यवाद देते हुए कहा कि आज निजी विद्यालयों के कारण ही जिला मुख्यालय ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के मध्यम व गरीब परिवार अपने बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए निजी विद्यालयों में नामांकन करा रहे हैं ताकि माता पिता का सपना साकार हो सके। एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा कि एसोसिएशन की स्थापना काल से लेकर आज तक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एसोसिएशन से जुड़े विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। मौके पर शार्दुल सिंह, पंकज कुमार, इजहारूल हक, उदय कुमार सुमन, शशिरंजन मिश्र, विनोद गुप्ता, रवींद्र तिवारी भी थे।

# शिक्षक संघ की समस्याओं का समाधान जल्द कराया जायेगा: राधाकृष्ण किशोर

- +2 शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिक्षकों की समस्याओं को लेकर झारखंड +2 शिक्षक संघ ने जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आवास पर मुलाकात की। जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने लिखित रूप में शिक्षकों का लम्बित एरियर, सेवा संपुष्टि और समय पर वेतन भुगतान न होने से परेशान शिक्षक की समस्याओं से मंत्री से अवगत कराया और इसका तत्काल समाधान कराने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की जिला स्तर से आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जायेगा।



मंत्री को अपनी समस्याएं बताते शिक्षक संघ के सदस्य।

**खास बातें :** वहीं रांची से निष्पादित होने वाली समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य स्तर पर निष्पादन होने वाली समस्याओं के लिए राज्य को लिखें या अपने स्थानीय विधायक से मिलें। यदि सम्भव हो तो शिक्षक संघ अध्यक्ष अपने शिक्षक साथियों के साथ रांची भी आ सकते हैं। झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि पिछले दो से तीन माह से वेतन न मिलने से शिक्षक आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिला के लगभग सभी +2 विद्यालयों में प्राचार्य का पद भी सृजित नहीं है। यदि प्राचार्य पद सृजित हो जाता और स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति हो जाता तो वेतन भुगतान सम्बन्धी समस्या का लगभग समाधान हो जायेगा। मौके पर झारखंड +2 शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी अच्छेलाल प्रजापति, सोशल मीडिया प्रभारी अजीम अंसारी, राजकीयकृत +2 विद्यालय के शिक्षक आनन्द कुमार और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भीम चूल्हा और बराज गेट पर बढ़ी सैलानियों की चहलकदमी, पुलिस की सख्त निगरानी

- पांच पांडव के आगमन की निशानी, सचित्र आकृति, विशालकाय चूल्हा, भव्य शिव मंदिर, पार्क, वाच टावर, पत्थर पर हाथी पांव और पांडव के पद चिह्न सैलानियों के लिए आकर्षक

**अनुप कुमार**

**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से एक किमी की दूरी पर पश्चिम दिशा स्थित प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल भीम चूल्हा और बराज गेट वर्ष के शेष कुछ दिन और नये वर्ष की स्वागत की खुशी को लेकर सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। नित्य प्रतिदिन विभिन्न विद्यालय के बच्चे के जत्था के अलावा कई सुदूरवर्ती क्षेत्र का लोगो के बड़ी तादात में आने से इसकी महता इन दिनों और बढ़ गयी है।

पांच पांडव की आगमन की निशानी के इतिहास के आधार पर्यटन कोष से बनाये गये इनकी सचित्र आकृति, विशालकाय चूल्हा, भव्य शिव मंदिर, पार्क, वाच टावर, पत्थर पर हाथी पांव और पांडव के पद चिह्न सैलानियों के लिए आकर्षक है। इसके अलावा पश्चिम दिशा की गोद में कोयल नदी और उसमें नाविक की उपस्थिति में नाव पर घूमने और अस्ताचलगामी सूर्य का रोचक नजारा खूबसूरत वादियों की ओर इंगित करता है। इस रमणीक स्थल की गोद में स्थित श्रृंखलाबद्ध पहाड़ी और उसपर कोलाहल करती पक्षियों की मधुर स्वर, आसपास तालाब के साथ साथ भीम बराज गेट का नजारा के कारण विगत वर्षों से यह सैलानियों के



लिए पिकनिक की पसंद बन गई है। इस बार अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कावड़िया के निर्देश पर अंचल पदाधिकारी के साथ साथ थाना प्रभारी को विशेष निगरानी का आदेश दिया गया है। इस आदेश को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने स्वयं पिकनिक स्पॉट भीम चूल्हा काशी सोत डैम के अलावा अन्य पहाड़ी इलाके पर पैनी नजर रखते हुए गश्ती तेज कर दी है। देर रात भी विभिन्न मार्गो पर सुरक्षा बल की तैनाती और सघन जांच को लेकर लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले की भी जांच की शुरुआत किये जाने से मनचले और शरारती तत्व के लोगो में हड़कंप है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि यह जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा जिससे इलाके में कोई अप्रिय वारदात नहीं घटे। क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सदैव तत्पर रहेगी।

### पीड़ित परिवार से मिले दलित मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सेमरी में टचुना भुइयां का घर जलने की सूचना मिलते ही दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह मौके पर पहुंच जले घर का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। कहा कि पीड़ित परिवार काफी गरीब है। इनका घर जलने से रहने खाने में परेशानी है। वहां सुधीर कुमार, संजय पासवान थे।

### भाकपा के राज्य परिषद सदस्य सुरेश को पितृशोक



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर के पिता प्रसिद्ध ठाकुर (97) का कल सुबह देहांत हो गया। उनका जीवन सादगी भरा रहा। वे एक सरल स्वभाव के थे। वह प्रेस कामगार यूनियन भी चलाते थे तथा हमेशा भाकपा और इसके विचारों के साथ जुड़े रहे। उनके निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी परिवार गहरा दु:ख व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि राजा हरिश्चंद्र घाट पर मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र सुरेश ठाकुर ने दी।

### सेवा में उठे हाथ पूजा करने वाले हाथों से बेहतर



**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था मिशन समृद्धि की टीम ने शनिवार को शनि मंदिर व अंबेडकर पार्क के सामने दोना, पत्तल व दातून बेचनेवालों के बीच नि:शुल्क रोटी-सब्जी बांटी। मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों की सेवा के लिए समृद्धि लोगों का उठा हाथ पूजा करनेवाले हाथों से कहीं बढ़कर होता है। उन्होंने रोटी सब्जी उपलब्ध करानेवालों को बधाई दी। इस कार्य में सहयोग के लिए बैजंती गुप्ता, रंजीता, वीणा राज, ममता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेंद्र सिंह समेत सबको बधाई दी है।

### रेलवे क्रॉसिंग समस्या का शीघ्र निदान : सांसद



**हुसैनाबाद पलामू।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के सोन नगर गढ़वा रोड रेल खंड के हैदरनगर व कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच हैदरनगर बाजार के समीप रेलवे क्रॉसिंग 50 सी पर ओवर ब्रिज या अंडर पास के निर्माण की मांग को लेकर हैदरनगर के ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पलामू के सांसद बीडी राम को आवेदन दिया। आवेदन में कहा कि रेलवे क्रॉसिंग 50 सी पर दिन रात जाम की स्थिति बनी रहती है। थर्ड रेल लाइन के चालू हो जाने से रेलवे क्रॉसिंग हर दस मिनट के बाद आधे आधे घंटे बंद रहता है। सांसद ने भरोसा दिलाया कि उनकी इस समस्या का वह शीघ्र निदान कराने की दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे।

# गंगा गार्डेन में मना शानदार वाहिनी परिवार मिलन सह वनभोज कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- शिवपुर बांध में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण अगले वर्ष होगा पूरा, 2024 को युवा वाहकों ने बताया ऐतिहासिक



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की झारखंड प्रदेश अनुसांगिक इकाई का मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम नये अंदाज में मनाया गया। चैनपुर के खोहरी स्थित गंगा गार्डेन में वाहिनी परिवार मिलन समारोह सह वनभोज में परिवार बच्चों संग युवा वाहक सम्मिलित हुए। भगवान श्री परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें बाहर से कलाकारों ने गीत-संगीत से मनमोहक समां बांध झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने बताया कि युवा वाहिनी एक परिवार का बड़ा रूप ले चुका है। हम सब सुख दुख में एक साथ एकजुटता से रहते हैं तो हर मौसम का आनंद जब तक सांगठनिक परिवार के साथ नहीं लेंगे तब तक पूर्णता महसूस नहीं होती है।

# खेत में मिट्टी डालने से पहले हमलोगों को मिट्टी में दबा दो...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- फोरलेन निर्माण कार्य करा रही भारत वाणिज्य कंपनी के खिलाफ रैयतों का गुस्सा फूटा, रोड पर उतरी महिलाएं



**मेदिनीनगर।** पोलपोल से शंखा तक फोरलेन बनवा रही भारत वाणिज्य कंपनी के जबरन काम कराने के विरुद्ध रैयतों का गुस्सा फूट गया। रविवार को कंपनी दंडाधिकारी पुलिस के साथ काम कराने पहुंचे थे। गांव में फोरलेन बनवा रही एजेंसी की गाड़ी पहुंचते ही ग्रामीण सड़क पर उतर विरोध करने लगे। बड़ी बात थी कि अपनी जमीन पर जबरन काम करने से आक्रोशित महिलाएं भी रोड पर उतर कर मिट्टी गिरा रहे हाइवा को रोका। महिलाओं का कहना था कि हमारे जमीन में काम करने मिट्टी गिराने से पहले हमलोगों को मिट्टी से दबा कर मार दे उसके बाद ही मिट्टी गिरने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि इसके पूर्व भी ग्रामीण, कंपनी और प्रशासन के साथ वार्ता हुई थी। इस दौरान ग्रामीणों ने जमीन नापी कराने एवं पेमेंट का प्रमाण मांगा था, जो नहीं मिला है।

शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर लोहड़ी-लोहरा पोखरी के ग्रामीणों ने की बैठक

# यज्ञ में अयोध्या की प्रवचनकर्ता समीक्षा रात्रि में करेंगी प्रवचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में यज्ञ पर चर्चा करते ग्रामीण व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** लोहार पोखरी में मलय नदी के तट पर नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तथा पांच दिवसीय यज्ञ आयोजन को लेकर रविवार को लोहड़ी तथा लोहरा पोखरी के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र पाठक ने किया। इस दौरान यज्ञ समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश साव, उपाध्यक्ष उदय साव, राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र साव, सचिव करमचंद साव, उप सचिव सुरेंद्र पाठक कोषाध्यक्ष कुश कुमार, सह कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, संरक्षक बलराम पाठक, सह संरक्षक आशीष सिन्हा को बनाया गया है।

मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर तिथि निर्धारित की गयी। 21 फरवरी 2025 को हनुमत पूजा सह सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन, 22 फरवरी को जल यात्रा एवं पंचांग पूजन तथा मंडप प्रवेश, 23 से 24 फरवरी तक मूर्ति अधिवास प्रारंभ, 25 फरवरी को नगर भ्रमण तथा 26 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन सह भंडारा किया जायेगा।

वहीं यज्ञ के दौरान उत्तर प्रदेश अयोध्या के प्रवचनकर्ता समीक्षा पांडेय के द्वारा रात्रि में प्रवचन किया जायेगा जबकि यज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य अखिलेश पाठक करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से मुधीर साव, मनोज शर्मा, मृत्युंजय पाठक, धनंजय पांडेय, जीवन कुमार, पिंटू साव, लखन राम, मदन भुइयां, सुरेश शर्मा, संतोष साव, गुड्डू साव, सुधीर साव, प्रेम साव, रविंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# एलोपैथ, होम्योपैथ और प्राकृतिक पद्धति से 4735 मरीजों का इलाज, दवा भी मुफ्त

- श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा बिश्रामपुर में लगाया गया मेगा स्वास्थ्य शिविर
- जांच-उपचार के लिए जुटे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित जनता उच्च विधालय के खेल मैदान में रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह के वाराणसी प्रधान कार्यालय व समूह के प्रयागराज शाखा ने मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया। जांच व उपचार के लिए शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ, होम्योपैथ व प्राकृतिक पद्धति से 4735 मरीजों की जांच के बाद मुफ्त उपचार किया। मरीजों को दवा भी निशुल्क दिया गया।



शिविर का अवलोकन करते गुरुपद संभव राम जी।

**खास बातें :** शिविर में पैथलोजी सेंटर भी लगा था, जिसमें जांच के बाद चिकित्सकों ने मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिये। इससे पहले शिविर का उद्घाटन गुरुपद संभव राम जी ने परमपूज्य अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने शिविर में लगे सभी स्टाल का खुद अवलोकन भी किया। इस दौरान उनके दर्शन और आशीर्वाद हेतु पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश सिंह सहित कई नामचीन हस्ती भी शिविर में पहुंचे। इसके आयोजन में प्रमुख भूमिका बिश्रामपुर राज परिवार की बहु सह समूह की मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष रागिनी राय का रहा। शिविर की सफलता में राजपरिवार के रंजीत सिंह राय उर्फ मुन्ना सरकार, समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय, ब्राइट लैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल सिंह, चिंसू सिंह व रेड रोज के निदेशक राजन पांडेय का अहम योगदान रहा। मौके पर डॉ अरुण कुमार, प्रसनजीत बैरल, अजय बक्सराय, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल की शिक्षक उषा सिंह, इलाहाबाद शाखा के श्रवण सिंह, अनुराग सिंह, सुधीर सिंह, रणधीर सिंह, विजय कुमार रवि, सुनील चौधरी, राहुल कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार आदि थे।

सुप्रभात
सोमवार 30.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 249
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## धनबाद की माही बनीं मिस अर्थ इंडिया इंटरनेशनल



धनबाद। नोएडा में आयोजित एसके यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल प्रतियोगिता में माही शर्मा ने धनबाद सहित पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में मिस अर्थ इंडिया इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 22 व 23 दिसंबर को आयोजित हुई थी। बेकारबांध की रहने वाली माही शर्मा ने मिस अर्थ कटैगरी में भाग लिया था। पूरे देश से 35 प्रतिभागी पहुंची थीं, जिसमें माही विजेता बनी। धनबाद लौटने पर माही के पिता अनूप शर्मा, मां मंजू देवी, सगे संबंधियों ने उनका स्वागत किया। वह वर्ष 2022 में मिस झारखंड भी रह चुकी हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के सहयोग से इस मुकाम तक पहुंची हैं। मॉडलिंग और एक्टिंग के क्षेत्र में करियर बनाना उनका एकमात्र लक्ष्य है।

## डुमरी दो नंबर गुरुद्वारा में शहादत को किया याद



जोड़ापोखर। डुमरी दो नंबर गुरुद्वारा में सिख समुदाय के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादों की शहादत को याद किया गया। सिख संगत ने शहादत दिवस मनाया। संगतों ने बताया कि सरसा नदी पर जब गुरु गोबिंद सिंह का परिवार जुदा हो रहे थे, तो एक ओर जहां बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ चले गए, दूसरी ओर छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, माता गुजरी जी के साथ रह गए थे। छोटे साहबजादे की छोटी सी उम्र से तेवर पिता जैसे थे। इस मौके पर स्त्री सत्संग की परमजीत कौर, रानी कौर, सीमा कौर, हरबंश कौर, पोली कौर, रूबी कौर, कुलविंदर कौर, मंजीत कौर, रानी कौर आदि मौजूद थीं।

## सहायक अध्यापक संघ प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीक शेख का निधन

महुदा। झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख का निधन रविवार को रिम्स अस्पताल रांची में हो गया। असामयिक निधन से सभी सहायक अध्यापक काफी दुखी हैं। सिद्दीक साक्षरता अभियान से जुड़े हुए थे। उनके द्वारा एक गाना गाया जाता था। लहु का रंग एक है, अमीर क्या गरीब क्या बने हो एक ख्वाब से दूर क्या करीब क्या। ये क्रांतिकारी गाना गाकर लोगों को जागरूक किया करते थे। वर्ष 2002 में सिद्दीक शेख अभियान विद्यालय सह नया प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला कांड्रा में शिक्षा मित्र सह सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। अपने माता-पिता पत्नी के अलावा तीन पुत्री और दो पुत्र को छोड़कर असमय दुनिया से अलविदा हो गये।

## ग्रामीणों ने किया अवैध खनन का विरोध

कतरास। केशलपुर कुम्हार टोला में भाकपा-माले समर्थकों ने लाल झंडा के साथ अवैध उत्खनन का खुलकर विरोध किया। दिलीप कुमार पंडित एवं बंटी पंडित के नेतृत्व में लोगों ने कोयला खनन के विरोध में प्रदर्शन किया। भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि रामकनाली ओपी क्षेत्र के अंतर्गत कुम्हार टोला के आसपास अवैध कोयला खनन से गांव खतरे में आ गया है। गांव के लोगों की जान माल पर खतरा है। बीसीसीएल प्रबंधन, पुलिस व सीआइएसएफ की मिलीभगत से खुलेआम कोयले का अवैध खनन हो रहा है। जिला प्रशासन से अविलंब अवैध खनन बंद कराने की मांग की। सीआईएसएफ अधिकारी एवं बीसीसीएल के अधिकारियों की अनदेखी पर सवाल उठाया। कहा कि आने वाले दिनों में कोई भी दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी बीसीसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की होगी। बैठक में सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# कर्मियों व होमगार्ड को बंधक बना 9.50 लाख की संपत्ति लूटी

- होमगार्ड के जवान से 30 राउंड गोली भी लूट ले गए केबल लुटेरे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** केबल लूटेरों के दल ने शनिवार की रात कुहंका स्थित वीटी पंप पर धावा बोलकर कोलकर्मियों एवं होमगार्डों को बंधक बनाकर लगभग साढ़े नौ लाख की संपत्ति लूट ली। लूटेरे पंप में लगे 550 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का क्वायल एवं लगभग 200 मीटर केबल लूटने में सफल रहे। ईसीएल प्रबंधन के अनुसार लूटे गए क्वायल एवं केबल की कीमत लगभग साढ़े नौ लाख रुपये है।

लुटेरों के दल ने सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के जवान तूफानी राम एवं सरयू यादव को भी बंधक बनाकर उनका रायफल छीन लिया। सरयू यादव की कमर में बांधकर रखी लगभग 30 राउंड गोली भी लूट ली। बंधक बने कोल कर्मियों का मोबाइल एवं पॉकेट में मौजूद पैसा भी छीन लिया। कोल कर्मियों एवं होमगार्ड के जवानों को लुटेरों ने पीछे से हाथ बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया। जाते-जाते होमगार्ड के राइफल एवं कोलकर्मियों के मोबाइल को वीटी कैंपस एवं अगल-बगल में छोड़कर चलते बने। लगभग 3 घंटे तक लूटेरों ने आराम से लूट की घटना को अंजाम दिया।

रविवार की सुबह जब ईसीएल का गश्ती दल पहुंचा, तब कर्मियों एवं होमगार्डों को बंधन मुक्त किया। उसके बाद अन्य लोगों को जानकारी हुई। सूचना मिलने पर निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, सीआईएसएफ के अधिकारी, ईसीएल हरियाजाम कोलियरी के प्रबंधक विजय सिंह एवं ईसीएल सिक्योरिटी की टीम पहुंची तथा बंधक बने लोगों से मामले की जानकारी प्राप्त की। समाचार लिखे जाने तक होमगार्ड के जवान से लूटी गई गोली नहीं मिल सकी है। पुलिस, सीआईएसफ एवं ईसीएल सिक्योरिटी की टीम आसपास के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही है। मामला निरसा थाना क्षेत्र की हरियाजाम कोलियरी की पानी निकासी के लिए कुहंका गांव में बनाए गए वीटी पंप का है।

### यह है मामला

इस संबंध में जानकारी देते हुए बंधक पंप ऑपरेटर कृष्ण सिंह, दुलाल मंडल, होमगार्ड के जवान तूफानी राम एवं सरजू यादव ने बताया कि रात के लगभग 1 बजे लुटेरा दल के दो व्यक्तियों ने पहले जंगल झाड़ी के रास्ते छिपते हुए कैंपस में प्रवेश किया। प्रवेश करते ही उसने हथियार के बल पर चुपचाप खड़े रहने का निर्देश दिया। उसके बाद अन्य साथी कैंपस में आए तथा हम सभी को बंधक बना लिया। लूटेरों की संख्या 25 से 30 के बीच थी। सबसे पहले मोबाइल एवं पॉकेट में जो भी पैसा था, वह छीन लिया। होमगार्ड के जवानों का राइफल छीन लिया। तूफानी राम जैकेट पहने हुए थे। इस कारण उनकी गोलियों का बेल्ट अपराधियों की नजर में नहीं आया। सरजू यादव चादर लपेटे थे, इस कारण गोलियों का बेल्ट नजर आ गया, जिसे लूटेरों ने छीन लिया। उसके बाद सभी बंधकों को पीछे से उनका हाथ बांध दिया तथा उनके ही गमछा से लोगों के चेहरे को ढक कर एक कमरे में बंद कर दिया। लगभग तीन घंटे तक लूटेरों का दल उत्पात मचाता रहा और ट्रांसफॉर्मर का क्वायल एवं केबल लूट कर चलते बने। सुबह जब ईसीएल का गश्ती दल पहुंचा, तो हमलोगों के चिल्लाने की आवाज सुनकर सभी को बंधन मुक्त किया गया। बंधन मुक्त होने के बाद गश्ती दल के लोगों ने बंधक बने लोगों के मोबाइल पर फोन किया, तो ज्यादातर लोगों का मोबाइल कैंपस के अंदर एवं बाहर मिल गया। छानबीन करने पर होमगार्ड के जवानों का लूटे गये राइफल भी कैंपस के अंदर मिला। परंतु, सरजू यादव का गोलियों का बेल्ट नहीं मिल पाया है।

### 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं दोनों होमगार्ड

जानकारी के अनुसार बंधक बने होमगार्ड तूफानी राम एवं सरयू यादव 31 दिसंबर को ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। लगभग 8 से 10 वर्ष पूर्व लगातार वीटी पंप में कोल कर्मियों को बंधक बनाकर केबल लूट एवं चोरी की घटनाओं को लूटेरों द्वारा अंजाम दिया जाता था। लगभग 10 वर्ष पूर्व बमबाजी में कुहंका गांव निवासी सुधीर सिंह की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद आतंकित कोलकर्मी वीटी पंप पर ड्यूटी करने से कतराने लगे। उसके बाद ईसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ की प्रतिनियुक्ति कर दी थी। उसके बाद केबल लूट एवं चोरी की घटनाएं बंद हो गईं। लगभग 4 वर्ष पूर्व सीआईएसएफ को हटाकर होमगार्ड को ड्यूटी पर लगाया गया।

# अंगारपथरा में कार्रवाई से असंतुष्ट महिलाओं ने जताया विरोध

## अवैध खनन के सभी मुहानों की भराई और कारोबार पर रोक लगाने की मांग

- बीसीसीएल ने कांटापहाड़ी रोड के आसपास के क्षेत्र को असुरक्षित घोषित कर रखा है



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कतरास।** जानमाल पर उत्पन्न खतरे की आशंका से ग्रस्त कांटापहाड़ी (अंगारपथरा) की महिलाओं ने रविवार को भी अवैध खनन का खुलकर विरोध किया। प्रबंधन, सीआईएस एफ और अंगारपथरा ओपी पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जाहिर करते हुए महिलाओं ने कांटापहाड़ी मोहल्ले के समीप आउट सोर्सिंग के बंद पैच में सभी मुहानो को बंद कराने की मांग की, जिसमें सिंडिकेट के लोगों द्वारा अवैध खनन कराया जा रहा है। कांटापहाड़ी रोड पर आकर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शित किया। किसी ने उनकी सुधि नहीं ली तो सभी अंगारपथरा सीआईएसएफ कैंप के गेट के पास पहुंची और मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

इस बीच आवश्यक कार्रवाई का अशवासन मिला। महिलाओं का कहना था कि शनिवार को सिर्फ एक मुहाने की भराई कराई गयी, जबकि कांटापहाड़ी रोड़ की बगल में तस्करों ने कई अवैध मुहाना खोल दिया है। बाहर से मजदूर बुलाकर खनन करा रहे हैं। एक तो पहले भूमिगत खदान चला है। पिलर बचा हुआ है। इसे भी तस्कर कटवा रहे हैं।

बीसीसीएल ने कांटापहाड़ी रोड के आसपास के क्षेत्र को असुरक्षित घोषित कर रखा है। यदि अवैध खनन का सिलसिला जारी रहा तो इस मोहल्ले के अस्तित्व पर खतरे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मामले को लेकर ओपी प्रभारी के फोन पर संपर्क करने की कोशिश हुई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

कोल तस्कर और उनको संरक्षण देने वालों की बेचैनी बढ़ गयी है। अवैध खनन का विरोध करने वालों की आवाज दबाने के लिए कुत्सित प्रयास शुरू कर दिया गया है। सिंडिकेट को भय सताने लगा है कि विरोध की यह आंच नेशनल अंगारपथरा, गजलीटांड, यूनियन अंगारपथरा के अवैध खनन स्थलों तक नहीं पहुंच जाए।

## पूर्व विधायक पूर्णिमा सिंह के कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर कतरास मोड़ स्थित झरिया के पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के कार्यालय में शोक सभा हुई। शोक सभा में पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, कांग्रेस पार्टी, जनता मजदूर संघ के सभी पदाधिकारी, सदस्य और अन्य महिला व पुरुषों ने डॉक्टर मनमोहन सिंह की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के निधन की खबर बेहद दुःखद है। डॉक्टर साहब ने अपनी सादगी, ईमानदारी और अपार विद्वता से इस देश को नई दिशा दी थी। वह भारत के आर्थिक सुधारों के शिल्पकार और करोड़ों लोगों की उम्मीदों का चेहरा थे, उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

शोक सभा में झरिया प्रखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भगवान दास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्तार खान, भोलानाथ सिंह, रामजी सिंह, महेश शर्मा, अशोक बरनवाल, किशोर कुमार, हरिओम, अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पिंटू तूरी, वीरेंद्र यादव, मणि भूषण तिवारी, अनूप कुमार पांडे, भास्कर कुमार झा, रामकृष्ण पाठक, अक्ष्यवार यादव, मल्लू सिंह, अब्दुल करीम अंसारी, मनोहर गद्दी, पंकज तिवारी, सुशीला देवी सहित भारी संखिया में अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला मारवाड़ी सम्मेलन का पारिवारिक मिलन समारोह 2 जनवरी को

**धनबाद।** नये वर्ष में जिला मारवाड़ी सम्मेलन 2 जनवरी को वेडलॉक ग्रीन रिसोर्ट में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन करेगा। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि जिले में निवास करने वाले मारवाड़ी समाज के सभी परिवार को पारिवारिक आनंदोत्सव में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए संगठित करना है। संयोजक जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक प्रकार के खेल हौजी गेम रिंग, गेम बैलून, शूटिंग, क्रिकेट, पतंगबाजी आदि शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में धनबाद के प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर एवं भजन गायक मोहित अग्रवाल और उनकी पूरी टीम मेहमानों का मनोरंजन करेगी। उनकी टीम में गायक योगेश राज एवं संचालनकर्ता तथा हास्य कलाकार के रूप मे संजय मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

## पुलिस ने प्रिंस खान के एक गुर्गे अफजल को किया गिरफ्तार



- पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद, साथियों की तलाश जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान के एक गुर्गे अफजल को गिरफ्तार कर लिया है। अफजल पर चेतन साव को गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। उसे डीएसपी वन के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने उसे बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर से गिरफ्तार किया। सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि अफजल पहले कतरास में अपने रिश्तेदार के पास रहता था। इसी बीच प्रिंस खान के गुर्गों से उसकी दोस्ती हुई थी। उन्होंने बताया कि अफजल ने अपने साथियों के साथ मिलकर चेतन साव को गोली मारी थी।

सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में बड़ी मेहनत की है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब उसके साथियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# कतरास से श्याम बाबा मंदिर झरिया के लिए निकली निशान यात्रा

### आकर्षक झांकियों व निशान के साथ श्याम भक्तों ने की पदयात्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** रविवार को कतरास बाजार हटिया स्थित राजस्थानी धर्मशाला से प्रभु श्री श्याम की निशान यात्रा निकाली गयी। यात्रा कतरास, पचगढ़ी बाजार, अंगारपथरा, सिजुआ, लोयाबाद, करकेंद, केंदुआ होते हुए झरिया स्थित श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा में राधा-कृष्ण, बजरंग बली, भोलेनाथ आदि देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं।

निशान लेकर श्याम भक्तों के साथ सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बच्चे यात्रा में चल रहे थे। भक्तिमय संगीत एवं बाजा की धुन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। सिजुआ स्थित गोकुल बंगलो में कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह के नेतृत्व में निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में महेश अग्रवाल, कैलाश कूलवाल, कृष्ण कन्हैया राय, डॉ मधुमाला, विवेक खंडेलवाल, अमित शर्मा, रघु डंगाईच आदि मौजूद थे।

### श्री श्याम मंडल खाटू वाले बाबा की पूजा-अर्चना के साथ करेगा नये साल का आगाज



**धनबाद।** श्री श्याम मंडल नये साल का आगाज खाटू वाले बाबा की पूजा-अर्चना के साथ करेगा। तैयारी शुरू कर दी गई है। धोवाटांड़ में 31 दिसंबर को कीर्तन समिति के सदस्य रात 7 बजे श्री श्याम प्रभू की ज्योति जलाकर भजन शुरू करेंगे। यह जानकारी श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने प्रेस वार्ता में दी। भजन संध्या में गायक मोनू अग्रवाल, संजय संघई, एवं ताली कीर्तन के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। श्री श्याम प्रभू को रुचि अनुसार छप्पन भोग, खीर- चुरमा भोग, बुंदिया भोग, पेड़ा भोग, तिलकुट आदि नाना प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। कीर्तन के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। लगभग 3000 श्याम प्रेमी इस आयोजन में शामिल होंगे।

वर्ष के प्रथम दिन लगभग एक हजार श्याम प्रेमी अपने हाथ में निशान लेकर सुबह 6 बजे अम्बे विला अपार्टमेंट धोवाटांड़, शास्त्री नगर (पश्चिम) से श्री श्याम मंदिर झरिया तक पैदल यात्रा करेंगे। रास्ते में जगह-जगह निशान यात्रियों के लिए चाय-पानी एवं रुकने की व्यवस्था की गई है। मौके पर मनमीत सिंह, गौरव गर्ग, विशाल मित्तल, प्रभात सुरोलिया, जितेंद्र अग्रवाल, राजेश केजरीवाल, राकेश केजरीवाल, विकास अग्रवाल, अशोक मित्तल, श्याम शाह, अभिषेक कुमार, सोनू अग्रवाल, अनीश कुमार, गोपाल अग्रवाल, संजय सिंह, जयप्रकाश गोयल, आजाद कृष्ण अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### चौकीदार पद की नियुक्ति परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 5080 में 4517 परीक्षार्थी परीक्षा में हुए शामिल



धनबाद। चौकीदार पद की नियुक्ति के लिए रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रही। 5080 परीक्षार्थियों में से 4517 उपस्थित हुए एवं 563 अनुपस्थित थे। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने बताया कि जिले के खालसा हाई स्कूल बैंक मोड़, डीएवी हाई स्कूल दरी मोहल्ला, डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा, अपग्रेडेड हाई स्कूल लोवाडीह, एसएसएनएमएस इंटर कॉलेज सिजुआ, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, बीएसएस महिला महाविद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज सरायढेला एवं अभय सुंदरी गर्ल्स स्कूल में परीक्षा हुई। सभी 11 सेंटरों पर कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे से पुराने समाहरणालय स्थित ट्रेजरी से प्रश्न पत्र लेकर प्रतिनियुक्त टीम अपने-अपने सेंटर के लिए रवाना हुई और समय पर पहुंची। परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिका लेकर सभी टीम समाहरणालय पहुंची। सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की जांच की गई। एडमिट कार्ड के साथ उनके चेहरे का मिलान किया गया। एडमिट कार्ड एवं कलम के अलावा मोबाइल फोन सहित अन्य सभी प्रतिबंधित वस्तुओं को सेंटर से बाहर रखा गया। सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे तक परीक्षा ली गई। सभी सेंटरों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, गश्ती सह उड़न दस्ता दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस फोर्स मौजूद थे।

### राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के 6 छात्र-छात्राओं ने सीए की परीक्षा में मारी बाजी

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के 6 छात्र-छात्राओं ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की, जो नवंबर 2024 में आयोजित हुई थी। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि सीए की परीक्षा क्रैक करना आसान नहीं है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी रात की नींद और दिन का चैन सब कुछ त्याग कर देते हैं। ऐसे विद्यार्थियों पर विद्यालय गर्व करता है। इसी तरह के विद्यार्थी अपना नाम परिवार, समाज, राज्य, एवं देश स्तर पर उज्जवल करते हैं। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के नाम आकांक्षा पटवारी, सुरुचि अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, प्रशांत, आयुष खेड़िया एवं शिवम कुमार है। विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी ने इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

### महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागे अपराधी

**धनबाद।** बरटांड़ बस स्टैंड के समीप एक महिला से सोने की चेन छीन कर बाइक सवार अपराधी फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। भेलाटांड़ निवासी विजय कुमार सिंह की पत्नी मीना देवी के साथ बस स्टैंड पटेल चौक के पास मार्केटिंग के लिए पहुंचे थे। मार्केटिंग के बाद वह घर लौटने के लिए सड़क पर आये, तभी बाइक पर सवार दो अपराधी मीना देवी के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। इससे पहले कि लोग जुटते अपराधी निकल गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। महिला के पति ने सदर थाना में लिखित शिकायत की है। सोने की चेन की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई है।

### आज से बिष्णुपुर-धनबाद पैसेंजर ट्रेन बंद

**धनबाद।** सोमवार से गाड़ी संख्या 08677 बिष्णुपुर-धनबाद पैसेंजर तथा 08678 धनबाद- बांकुड़ा पैसेंजर का परिचालन नहीं होगा। रेलवे ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए ट्रेन को बंद करने की सूचना जारी कर दी है। ज्ञात हो कि यह ट्रेन यात्रियों को दक्षिणी पूर्व रेलवे से जोड़ने का काम करती थी। इसके बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी डेली पैसेंजरों को होगी।

### गोविंदपुर-साहिबगंज रोड पर बस पलटी, बड़ा हादसा टला



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग कुरकुटांड़ मोड़ के समीप शनिवार की रात बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार लगभग 25 पैसेंजरों को ले कर बस दुमका से रांची जा रही थी। प्रखंड के कुरकुटांड़ मोड़ के पास रात के लगभग साढे 12 बजे बस मुख्य मार्ग के किनारे रखे हुए डस्ट से बचते हुए निकल रही थी, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे हाईवे ट्रक ने बस को चकमा दिया। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जाकर पलट गई। सहरपुरा ग्राम रक्षा दल के युवाओं ने यात्रियों को बस से सकुशल बाहर निकालने में पूरी मदद की। बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची थी।

### द्वारिका मेमोरियल में लगी कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी



**धनबाद।** द्वारिका मेमोरियल फाउण्डेशन एकेडमी में रविवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विधायक राज सिन्हा, सहायक आयुक्त, (बिक्री कर) शामिक कुमार आदि ने प्रदर्शनी का उदघाटन किया। विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों ने जीवन की समस्याओं से जुड़े वर्किंग मॉडल की प्रदर्शनी लगाई, जिसमें किसानों की समस्या पर आधारित प्रोजेक्ट किसान मित्र, बोरवेल रेस्क्यू रोबोट, रेलवे स्टेशन प्रोटेक्शन सिस्टम, लाइट कम्यूनिकेशन सिस्टम, ट्रैफिक अलर्ट सिस्टम, सोलर एनर्जी सिस्टम, सेक्यूरिटी एन्ड ऑटोमेशन इलेक्ट्रिकल पोल सेफ्टी, क्रॉप प्रोटक्शन डिवाइस, कैटल रेस्क्यू फॉर्म, वाटर लेवल कन्ट्रोलर, अर्थक्वेक डिटेक्टर डिवाइस, फायर अलार्म आदि वर्किंग मॉडल शामिल थे। कला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गये चंद्रयान 3, न्यू पॉलियामेंट हाउस, इंडिया गेट, ताजमहल, कुतुब मीनार, कोल माइंस, अयोध्या मंदिर, केदारनाथ मंदिर, प्रेम मंदिर ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों को आकर्षित किया। क्राफ्ट संकाय में बच्चों द्वारा बनाए गए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट को अत्यधिक सराहना मिली। मुख्य अतिथि राज सिन्हा ने बच्चों के प्रोजेक्ट और मॉडल की प्रशंसा की एवं सभी प्रतिभागियों को ऐसे उत्कृष्ट प्रोजेक्ट के लिए बधाई दी।

## स्पीड न्यूज

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अमित सिन्हा बने राष्ट्रीय मंत्री



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा रामगढ़ कैंट निवासी सह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा को राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया गया है। अमित सिन्हा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल कर राष्ट्रीय नेतृत्व ने युवाओं को संगठन में शामिल कर सीधा संदेश दिया है कि चित्रांश युवा ही समाज को एक मजबूत और व्यापक रूप धारदार बनाने में सक्षम हैं। रामगढ़ जिले से पहली बार राष्ट्रीय कमेटी में अमित कुमार सिन्हा को शामिल करने को जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के लगातार कार्य साधना को पहचान मिली है। अब राष्ट्रीय स्तर पर भी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रामगढ़ जिले की भी चर्चा होने लगी है। यह बहुत ही गर्व का पल है। जल्द ही रामगढ़ जिला कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया जाएगा। वहीं, अमित कुमार सिन्हा को अभाकाम का राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत करने पर प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव , जिला अध्यक्ष अरुण सिन्हा ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, प्रो. प्रदीप कुमार सिन्हा, बामेस्वर प्रसाद, राजीव पामदत्त, विनोद श्रीवास्तव व अन्य शामिल हैं।

### गोभी की फसल को किसान ने रौंदा



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत निवासी किसान राधेश्याम महतो ने खेत में गोभी की फसल पर ट्रैक्टर चलवा दिया। किसान ने बताया कि उसने अपनी लगभग एक एकड़ पर तैयार गोभी की फसल को नष्ट करा दिया है। किसान ने कहा कि बैंकों से ऋण लेकर फसल लगाई थी, लेकिन उनकी लागत भी पूरी नहीं हो पाई है। राधेश्याम ने कहा कि जिस खेती पर किसान निर्भर होता है, वो आज मजबूरन नष्ट करनी पड़ रही है। सरकार उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकती है, तो फिर किसानों के बारे में भी सोचना चाहिए। किसानों के भी आखिर परिवार हैं। उन्होंने किसानों को राहत पैकेज की मांग उठाई है। बताते चले कि उसने खून पसीने से अपने खेत में शानदार गोभी की फसल उगाई थी। उन्नत किस्म के बीज का उपयोग किया था। उत्पादन भी बहुत बढ़िया हुआ। लेकिन फूलगोभी का बाजार में भाव बिल्कुल नहीं था. बाजार में पांच रुपये किलो फूलगोभी बिक रही है. जबकि उसे खेत से काट कर बाजार पहुंचाने में उससे ज्यादा खर्च आ रहा था।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले पटेलनगर निवासी स्व. नंदकिशोर वर्णवाल की 19वीं जयंती पर उनके पुत्र द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. नंदकिशोर वर्णवाल के पुत्र पिंकू वर्णवाल और रिंकू वर्णवाल सहित मंच के लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की। इसके बाद मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और स्व. नंदकिशोर वर्णवाल के पुत्र पिंकू वर्णवाल व रिंकू वर्णवाल दर्जनों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूषों के बीच पुरी-सब्जी और खीर का वितरण करते हुए इसे सबसे बड़ा पूण्य का कार्य बताया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है जो निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, राजु मल्होत्रा, उदयभान दुबे, कारू यादव, लालु उरांव, सुकरा करमाली, दिलीप गंझू, लखन राम, बारीक अंसारी, रामशरण गिरी, रंजीत यादव, संजू सिन्हा, राकेश शर्मा, शिवकुमार यादव, मो. शाहिद आदि का योगदान रहा।

### मकर संक्रांति मेला को कमिटी गठित



**कुजू।** बंदराचुआ चरण पहाडी प्रांगण में रविवार को मकर संक्रांति मेला समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हेमन्त सिंह व संचालन पन्नालाल मुर्मू ने किया। बैठक में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 24 घंटा का अखंड हरि संकीर्तन के साथ श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के महाभोग का वितरण करने का निर्णय लिया। बैठक में 15 जनवरी 2025 को झारखंड के महान टुसू का भी प्रदर्शन कुजू मुरपा,कसेरा धौडा,इमली धौडा,बन्दराचुवॉ उनम्बर कॉलोनी द्वारा भव्य झांकी निकालने पर चर्चा किया गया। वही बताया गया कि इस मेला परिसर में शराब,मांस पीकर,खाकर आना वर्जित है। मंदिर परिसर पर स्वच्छता पर ध्यान देने कि भी बात रखी गई। मेला को सफल बनाने के लिए कमेटी गठित किया गया। जिसमें अध्यक्ष कुजू पुर्वी पंचायत के मुखिया ललिता देवी,उपाध्यक्ष फूलेश्वर साव,सचिव - श्याम सिंह,सहसचिव बालदेव मुर्मू, कोषाध्यक्ष - संजय सिंह,संरक्षक हेमन्त सिंह, धर्मराज राम, तेजनाथ महतो, राकेश मेहता उर्फ रॉक कुमार, बादल कुमार, हीरालाल मुर्मू, पन्नालाल मुर्मू का चयन किया गया। जबकि सदस्य में गणेश मुर्मू, गंगा राम मुर्मू,चुनूराम मॉझी,मोतीलाल मॉझी,तुलसी महली,कार्तिक ठाकूर,मनीष ठाकुर,अभिषेक बनर्जी,सुरेश सोरेन,अजय उरॉव,संजय करमाली,ललन राम,छोटू राम,बिनोद मुन्डा,बृजलाल मुर्मू,सनत कुमार,राजेश महतो,राजेश मंडल,प्रदीप कुमार सिंह,रंजय सिंह,राजलक्ष्मी देवी,चुनूराम मॉझी,गोपाल रजक शामिल है।

# एसडीओ के खिलाफ सड़क पर उतरे जनप्रतिनिधि

## कहा-रक्षक जब भक्षक बन जाए, तो संघर्ष जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। सदर एसडीओ अशोक कुमार की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनकी पत्नी अनीता देवी की मौत जलकर हो गयी और उनकी हत्या का आरोप ससुराल वालों ने सदर एसडीओ अशोक कुमार पर लगाया है। ससुराल वालों के आवेदन पर उनपर एफ आई आर दर्ज हो चूका है और हजारीबाग एसपी के अनुसार जांच जारी है। लेकिन इस मामले में एक ट्विस्ट है। ट्विस्ट ये है कि सदर एसडीओ अशोक कुमार अपने पद पर बने हुए है। ससुराल वालों और एक तबके का कहना है कि अगर अशोक कुमार पद पर बने रहेंगे, और उनकी जांच होगी तो किसकी मजाल है की उनसे तीखे सवाल जवाब कर सके, और वे जांच प्रक्रिया को बाधित नहीं करेंगे। ये तो चोर भी वही और कोतवाल भी वही वाली स्थिति हो जायेगी। ऐसा एक तबका बोल रहा है और ये तर्कसंगत भी है। अब मामले में पेच कहा है। 26 दिसंबर को अनीता देवी सुबह जली। उस समय के मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सदर एसडीओ अशोक कुमार ने एक मीडिया एजेंसी को कहा था कि अनीता देवी मॉर्निंग वाक के लिए जाना चाहती थी। मना करने पर उन्होंने खुद को आग लगा ली। ये बात कुछ अखबारों में छपी थी। अब आज के एक अखबार में ये छपा है कि अशोक कुमार का कहना है की अनीता देवी अलाव जला कर ताप रही थी उसी दौरान वो जल बैठी। अगर इन दो मीडिया रिपोर्ट्स को सच माना जाये तो एसडीओ की बातों में भिन्नता नजर आती है।जिसके कारण भ्रम और शक होना लाजिमी है। शनिवार को अशोक कुमार के ससुराल वालों ने लोहसिंघना थाना में देर रात तक एसडीओ की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका साफ कहना था की वे अपने रसूख के दम पर गिरफ्तारी से बच रहे है। एसडीओ के साले राजू ने अपनी बहन की मौत को लेकर मीडिया से कहा कि उनका एक महिला से अवैध संबंध था। बहन मना करती थी। जिसके कारण उनकी हत्या कर दी गयी। खैर ये तो जांच का विषय है। प्रशासन के मान मनौवल और आश्वासन के बाद ससुराल वालो ने धरना खत्म किया और फिलहाल वे सिमरिया में है। ससुराल वाले इस मामले को सीएम पीएम तक ले जाने की तैयारी कर रहे है। न्याय के लिए वे हर दरवाजे को खटखटाएंगे।




### एसडीओ को फांसी की सजा मिले : पूर्व सांसद

इधर मामला बड़े अधिकारी का है और लोगो में इसको लेकर काफी रोष है। लोगो का कहना है जब बड़े अधिकारी ऐसा नजीर पेश करेंगे तो आम जनता किसपर विश्वास करेगी। हजारीबाग के जनप्रतिनिधि जिसमे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने रविवार शाम में अनीता देवी के साथ घटी घटना के खिलाफ और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर से झंडा चौक तक मशाल जुलूस और कैंडल मार्च आयोजित किया। इस जुलुस में सैकड़ो लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधियो का कहना था की हजारीबाग और प्रदेश में कानून व्यवस्था की बदहाली जग जाहिर है। हमारी माँग है कि दोषियों को कठोर सजा दी जाए और पीड़िता को न्याय मिले।

इधर इस मामले पर हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेस वार्ता में कहा कि अगर सदर एसडीओ की जगह कोई आम आदमी होता तो और उसपर अपनी पत्नी को जलाकर मारने का आरोप लगता तो पुलिस प्रशासन उसको तो छोड़िये उसके परिजनों का जीना मुहाल कर देती। उन्होंने कहा की सदर एसडीओ की मंसा नहीं थी की उसकी पत्नी जिन्दा बचे। आग लगने के बाद 48 घंटा उसने अपनी पत्नी को इस हॉस्पिटल से उस हॉस्पिटल दौड़ाया। ताकि पुलिस उसका बयांन दर्ज ना कर सके। इसने अपनी पत्नी की हत्या की है। इसको फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### अनीता देवी पंचतत्व में विलीन, बेटे ने दी मुखाग्नि



**हजारीबाग।** सदर एसडीओ की पत्नी की चिता को मुखाग्नि उनके बेटे ने दी। ज्ञात हो की लोहसिंघना थाना में अनीता देवी के परिजनों ने उनके शव के साथ देर रात तक उनके पति सदर एसडीओ अशोक कुमार पर अनीता देवी की हत्या का आरोप लगाकर उनकी गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजन अनीता देवी के शव को लेकर सिमरिया चले गए जहा उनकी अंत्येष्टि की गयी। इस दौरान माहौल गमगीन था। स्थानीय ग्रामीणों में इस बात को लेकर रोष था की अभी तक अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं की गयी।लोगो ने यहाँ तक आरोप लगाया की प्रशासन बैक डोर से उनकी मदद कर रही है। लोगो ने बताया की अनीता देवी बहुत ही सुलझी और सामान्य महिला थी।हजारीबाग सदर अस्पताल में वो नौकरी करती थी। पति के कहने पर उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। बताया की उनको देख कर लगता नहीं था की वो किसी तरह की परेशानी में है। बहुत ही खुशमिजाज दिल की महिला थी। उनके साथ भी ऐसा हो सकता है कभी सोचा नहीं था। लोगो ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## श्री अग्रसेन स्कूल में व्यक्तित्व विकास शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी व मोटिवेटर मुख्तार सिंह ने कुल 228 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने बच्चों को सफलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में समान रूप से रुचि लें। स्पोर्ट्स का दायरा भी अब काफी व्यापक हो चुका है। इसमें भी करियर की अपार संभावनाएं है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें। शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक बच्चे के टैलेंट को पहचान कर उन्हें तराशने का प्रयास करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने मोटिवेशनल कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने लक्ष्यों के प्रति कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए सही दिशा में सतत प्रयास करना पड़ता है। लक्ष्य के अनुरूप हमें खुद को बदलना भी पड़ता है। शिविर के संयोजक निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने बताया कि व्यक्तित्व विकास शिविर से बच्चे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत हुए हैं। यह शिविर उनके व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। खेल शिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि बच्चों के लिए विद्यालय में खेल की सुविधाएं लगातार बढ़ाई जा रही है। हमारी कोशिश होगी कि अच्छे खिलाड़ियों को तैयार कर सकें। मोटिवेटर मुख्तार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई और स्पोर्ट्स के लिए विद्यालय परिवार का समर्पण एक मिसाल है। स्कूल ने राइफल शूटिंग, स्केटिंग, आर्चरी जैसी सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराकर अपने भविष्य की सोच को दर्शाया है।

### भुरकुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम के सुनी मन की बात



**भुरकुंडा।** भाजपा भदानीनगर मंडल अन्तर्गत देवरिया पंचायत के बूथ संख्या 344 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन बात की 117वीं एपिसोड सुनी। मंडल अध्यक्ष सागर दांगी के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनकर उसे जीवन में उतारने की बात कही। दांगी ने कहा कि देश का कमान सही मायने में पीएम मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्होंने भाजपाईयों से संगठन को और मजबुत करने के लिए अधिक से अधिक नये सदस्यों को संगठन में जोड़कर पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करने का आहवान किया। मंडल अध्यक्ष श्री दांगी ने कहा कि भाजपा सबों को एक समान मान-सम्मान देती है। हमसबों को भी देश और समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प लेने की जरूरत है। मन की बात सुनने वालो में राजेंद्र मुंडा, देवेंद्र सिंह, आनंद कुमार, लालू बेदिया आदि शामिल थे।

## गड्ढे में गिरी एक्सयूवी, नौ घायल

### सभी जमशेदपुर से रजरप्पा जा रहे थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना अंतर्गत जनियामारा संजल में सड़क हादसे में रविवार को 9 लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि एक्सयूवी संख्या जेएच05एएस 0123 पर सवार सभी लोग पूजा के लिए जमशेदपुर से रजरप्पा जा रहे थे। उसी दौरान एक्सयूवी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे और राहत और बचाव कार्य में जुट गए। साथ ही रजरप्पा पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं, घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। एक्सयूवी पर सवार लोग जमशेदपुर से पूजा के लिए रजरप्पा मंदिर जा रहे थे। इस दौरान चालक ने जनियामारा मोड़ के पास वाहन से नियंत्रण खो दिया, वाहन गड्ढे में जा गिरा। हादसे में वाहन पर सवार अपरपाल, अमन बाग, रश्मि पाठक, अनीस हसैन, भावना, रोहित शर्मा, अभिषेक बाग, करण रजक व आकाश दुबे घायल हो गए। सभी का सदर अस्पताल रामगढ़ में इलाज चल रहा है।



### बाइक चालक हेलमेट लगाकर सड़क पर निकले : मो नौशाद



**कुजू।** यातायात नियमों की अनदेखी न हो इसके लिए कुजू पुलिस द्वारा हन चेकिंग अभियान चलाया गया। रविवार को कुजू ओपी के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओपी के पुननि आशीष गौतम ने पुलिस जवानों के साथ मिलकर बिना हेलमेट लगाये करीब पांच बाइक से जुमार्ना वसुलने के साथ आगे से हेलमेट लगाकर सहित ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही। मौके पर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश पर रोजाना सुबह और शाम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नये साल को देखते अभी लगातार अभियान चलाया जायेगा।

## सौदा बस्ती में खो-खो प्रतियोगिता शुरू

- अनुशासन की भी सीख देता है खेलकूद : अजय सिंह
- छह प्रखंड के 36 टीमो ने लिया हिस्सा, आज होगा फाइनल

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौदा बस्ती पारटांड़ फुटबॉल मैदान में रामगढ़ जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में शनिवार से तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि रामेश्वर मुंडा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही, यह हमसबों को अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तरह वर्तमान समय में खेलों में करियर की असीम संभावनाएं है। जीएम श्री सिंह खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए अनुशासन के तहत प्रतियोगिता में हिस्सा लेते की अपील की। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में छह प्रखंड पतरातू, माडू, गोला, चित्रपुर, दुलमी, रामगढ़ प्रखंड की 36 टीमे शामिल हैं।

इसके तहत बालक, बालिका सीनियर टीम 18 आयु वर्ग और बालक बालक, बालिका जूनियर टीम में 14 आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 दिसंबर को खेला जायेगा। इसमें विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में अभय मुंडा, कवि मुडा, अजीत कुमार, अमीर सोहेल, रजत, सुजय कुमार, अजीत मुंडा, ज्योति विश्वकर्मा, भारती बेदिया, आनंद तिगा आदि रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं।



मौके पर मानस मुंडा, जीतराम मुंडा, रामविलास करमली, बंटी मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार, सचिव प्रकाश ओझा और कोषाध्यक्ष संजय कालिंदी सहित कवि मुंडा, अजीत कुमार, रजत मुंडा, नवीन कुमार, अभय मुंडा, कृष्णा मुंडा, पवन मुंडा, पोलिस बिहन, रघुनाथ मुंडा, अमर बाउरी, अजीत प्रसाद महतो, कृष्णा महतो, आनंद तिग्गा, अनिल महतो, रामचंद्र महतो, गौतम कुमार, राजेश मुंडा, अरूण मुंडा, निखिल मुंडा सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

## एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले शिबू प्रसाद सोनी



**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत में बनी करोड़ों रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र झरपो में एंबुलेंस की मांग और स्वास्थ्य उपकेंद्र में 24 घंटे डॉक्टर एएनएम जीएनएम की स्थाई रूप से नियुक्ति तथा क्षेत्रवासी रोगियों के लिए बेहतर इलाज के लिए मशीन आदि की आवश्यकता अनुसार समुचित व्यवस्था को लेकर झरपो पंचायत मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड शिबू प्रसाद सोनी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के नाम लिखित आवेदन एवं आवेदन की प्रतिलिपि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आवास रांची में जाकर दिया । उन्होंने आवेदन मेंलिखा है कि तीन पंचायत झरपो भराजो खैरा पंचायत से सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन क्षेत्रवासी घटना दुर्घटना प्रसव मरीजों को लेकर एंबुलेंस के आभाव में जिला अस्पताल का आवागमन करना होता है। जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता रहा है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष देव राज कुशवाहा, टाटीझरिया आंचलिक पत्रकार संदीप पाण्डेय ,धनेश्वर पासवान मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**बड़कागांव ।**सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने प्रखंड के सांढ पंचायत अंतर्गत नदिया पार संडही गढ्डा में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया ।किसानों व कार्यकर्ताओं की मांग पर सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी के संयुक्त प्रयास से उपलब्ध करवाया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में जितने भी समस्याएं हैं उसके समाधान के लिए सांसद सदैव तत्पर है जिसको लेकर आप कभी भी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। ट्रांसफार्मर से सांढ, होराम, शिवाडीह के सैकड़ों किसान लाभान्वित होते है। अचानक जल गया था जिसकी सूचना बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सांसद को दी, जिसके बाद त्वरित कार्यवाही कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। मौके पर पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,जयनारायण प्रसाद,कैलाश साव, उमेश दांगी,पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, राजू रंजन,कृत्यानंद महतो,दीपक कुमार, जीतन साव,पपू कुमार रंजन, करम महतो, जुगल महतो,नाथू महतो, सुबासो देवी,पुष्पादेवी, मालो देवी समेत दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे।

### जमीन विवाद में हमले का आरोप, थाना में शिकायत

**बरही।** कोनरा निवासी सह पत्रकार दयानंद चौरसिया ने जमीन विवाद को लेकर ब्रह्मदेव यादव समेत अन्य 15-20 लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए बरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि वह अपने भाई महेश चौरसिया के साथ अपनी जमीन देखने गए थे, जहां उक्त लोग पोकलेन मशीन से जमीन पर खुदाई शुरू कर दी थी। विरोध करने पर सभी लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया। जिससे मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आईं है। दयानंद चौरसिया का आरोप है कि ब्रह्मदेव यादव ने जान से मारने की धमकी दी है, सारी घटना को वीडियो में रिकॉर्ड भी किया गया है। पीड़ितों का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गरजामु में 25 लोगों के बीच कंबल वितरित



**बरही।** डपोक पंचायत के ग्राम गरजामु में पंचायत समिति सदस्य आयशा खातून के नेतृत्व में सरकार की ओर से 25 जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जीप सदस्य मो. कयूम, रमजान अंसारी, हनीफ मियां, अफजल अंसारी, धुपाल दास, और गुडान दास उपस्थित रहे। कयूम ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण से जरूरतमंदों को राहत मिलेगी और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

## स्पीड न्यूज

### गुमला में खेल प्रशिक्षण महाविद्यालय निर्माण को ले प्रबुद्ध जनों ने की बैठक



**गुमला।** गुमला के समाजसेवी संतोष झा के नेतृत्व में खेल प्रशिक्षण विश्व विद्यालय के निर्माण हेतु जिला के प्रबुद्ध जनों की बैठक स्थानीय परिसदन में हुई। खेल प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयास की रणनीति बनाई गयी। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जिले के उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को हस्ताक्षर युक्त आवेदन एक प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से सौंपा जाएगा। तत्पश्चात गुमला जिला के निकटवर्ती जिला जैसे सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, रांची, जशपुर आदि में एक कमेटी का निर्माण किया जाएगा, जो उस क्षेत्र में इस विषय को जनता तक पहुंचाएंगी। सभी जिला में काम करने वाले विविध समाजसेवी संगठनों से मिलकर उनसे भी इस विषय में संगठित सहयोग करने का आग्रह किया जाएगा। सभी राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले इस क्षेत्र के खिलाड़ियों से भी इस संबंध में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आग्रह किया जाएगा और जल्दी इस विषय पर राष्ट्रपति से एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगी। तब तक सभी जिला से पोस्टकार्ड के माध्यम से इस विषय पर प्रार्थना पत्र भेजा जाएगा। इस विषय पर आगे चर्चा करने के लिए प्रत्येक माह के 15 तारीख और 30 तारीख को एक बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति और बढ़े हुए काम का मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार, राष्ट्रीय स्तर के पूर्व खिलाड़ी नॉरबर्ट कुजूर, कुश्ती संघ के नितेश साहू, समाज सेवी दुर्जय पासवान, देवेंद्र लाल उरांव, सरजित एक्का, नीरज कुमार तिर्की, बिगुल शाह एवं पूर्व एथलीट सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

### अधिकारी विहीन है जारी प्रखंड कार्यालय, प्रभार पर चल रहे हैं बीडीओ व सीओ

**जारी।** जारी प्रखंड भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। कितने माह से कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, 15वें वित्त ऑपरेटर, मनरेगा एई, कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, बीपीआरओ, मनरेगा बीपीओ का पद रिक्त पड़ा हुआ है, पर सरकार द्वारा अधिकारियों की पोस्टिंग नहीं की जा रही है। इस कारण लोगों को प्रखंड में काम कराने में काफी परेशानी हो रही है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन द्वारा चैनपुर बीडीओ यादव बैठा सहित खाली पड़े विभागों को प्रभार सौंपा गया है। लेकिन नियमित रूप से प्रखंड में बीडीओ व सीओ के नहीं रहने से विशेषकर छात्र छात्राओं को जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनाने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वहीं कार्यालय में अपने आवासीय, जाति, आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। लेकिन पदाधिकारी के नहीं होने के कारण लौटना पड़ता है। इसके अलावे बीडीओ के नहीं होने से मनरेगा योजना व 15वें वित्त के कार्य की गति धीमी हो गई है। साथ ही योजना में कार्य कर रहे मजदूरों को मजदूरी का भुगतान समय से नहीं किया जा पा रहा है। वहीं जारी प्रखंड के दूरदराज इलाके से अपने निजी कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय आते हैं लेकिन मुख्यालय आते ही पता चलता है कि आज मुख्यालय में नहीं हैं तो निराश होकर बैरंग अपने घर वापस लौटना पड़ता है। वहीं समस्या के बाबत बीजेपी नेता अवधेश प्रताप साहदेव ने कहा कि जारी प्रखंड परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम से प्रखंड है। प्रखंड का काम प्रभारी पदाधिकारी से नहीं हो सकता है। उन्होंने जनता को होने वाली समस्याओं से गुमला के उपायुक्त को अवगत कराने की बात कही।

### आफताब आलम लाडले ने भाजपा छोड़ी

**गुमला।** भाजपा के सक्रिय सदस्य आफताब आलम लाडले ने भाजपा पार्टी को छोड़ दिया। उन्होंने कहा भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर साहब के विरुद्ध अपमानजनक बातें कहे जाने से देश के करोड़ों लोग काफी आहत हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा गृह मंत्री से माफी मांगे जाने की मांग की गई, पर अब तक इस मुद्दे पर बीजेपी का रुख स्पष्ट नहीं है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कमेटी भी मौन रही। इसी कारण मैं आफताब आलम लाडले गुमला बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया हूं।

### बूंदा बंदी से बदला मौसम का मिजाज

**लोहरदगा।** जिले में मौसम परिवर्तन से एक बार फिर ठंड में बढ़ोतरी हुई है। शनिवार देर शाम हुए बूंदाबंदी से ठंड में बढ़ोतरी हुई। जिसके कारण लोग गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकलने को मजबूर हुए। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार दो तीन दिन बारिश के आसार हैं, जिससे पारा और नीचे जायेगा जिससे कंपकपाती ठंड का सामना लोगों को करना होगा। मौसम में आए अचानक बदलाव से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। साथ ही बारिश के बाद बढ़ी ठंड से भी परेशानी बढ़ेगी। हालांकि बारिश से रबी फसल को काफी फायदा होने की उम्मीद है।

### अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**कैरो।** कैरो थाना पुलिस द्वारा रविवार को अवैध बालू परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर को बालू के साथ पकड़ा है। प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी से अबैध बालू का ढुलाई करते हुए गाड़ियों पर कैरो थाना प्रभारी की अगुवाई में छापामारी की गयी। जिसके बाद अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया। सभी गाड़ियां इधर उधर भागने लगी। जिसके बाद हनहट के तीन बालू लदे ट्रेक्टर को पकड़ने में सफलता मिली। सब्जी ट्रैक्टर को पकड़कर थाना लाया गया।आये दिन अबैध बालू के ढुलाई को लेकर क्षेत्र में प्रसासन के प्रति तरह तरह : की चर्चा चलती रहती है कि आखिर खुलेआम कैसे कारोबार चल रहा है।

# जलती चिता में वृद्ध को जिंदा जलाने के मामले को लेकर ग्रामीणों में दहशत

- एसडीपीओ ने गांव पहुंचकर परिजनों से की बातचीत
- गांव के लोग घटना को लेकर मुंह खुलने को नहीं हैं तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वृद्ध को जलती चिता में डालकर जिंदा जलाने के मामले की जांच करने पहुंचे एसडीपीओ

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोरांबी में जलती चिता में वृद्ध बुद्धेश्वर उरांव को मारपीट कर जिंदा जलाये जाने के मामले में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव गांव पहुंचकर परिजनों से बातचीत की। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम पर अनुसंधान तेज कर दिया है। वहीं गांव के कई ग्रामीण डर से गांव छोड़कर रिश्तेदार के घर चले गए हैं और जो लोग गांव में हैं, वह कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद का प्रतीत हो रहा है। लेकिन पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जबकि मृतक बुद्धेश्वर उरांव की पत्नी ने अपने बयान में कहा है कि जमीन का विवाद नहीं था। यहां बताते चलें कि कुआं में डूबने से वृद्ध महिला मंगरी देवी की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों का शक ओझागुनी करने वाले बुद्धेश्वर उरांव पर गया और जिस वक्त मंगरी देवी का अंतिम संस्कार हो रहा था, उसी वक्त मंगरी का भाई झड़ी उरांव व भतीजा कर्मपाल ने बुद्धेश्वर पर टांगी से हमला किया और घायल अवस्था में जलती चिता में जला दिया। इसके बाद आरोपी झड़ी उरांव ने गुमला थाना में जाकर सरेंडर कर दिया। वहीं कर्मपाल उरांव फरार है। जिसको लेकर पुलिस कई ठिकानों में छापेमारी कर चुकी है। परंतु अभी तक कर्मपाल उरांव को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल नहीं कर पाई है। पुलिस लगातार गांव में शांति व्यवस्था कायम करने और मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है।

## शहर से सटे गांव में अंधविश्वास में आकर बीमार युवक का कराया गया झाड़ फूंक

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** हाल ही के दिनों में अंधविश्वास को लेकर गुमला थाना क्षेत्र में दो लोगों की निर्मम हत्या हो चुकी है। जहां पहला मामला मुरकुंडा में एक महिला की हत्या वहीं दूसरा मामला कोरांबी में एक वृद्ध की हत्या। लेकिन लोगों में अंधविश्वास खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला शहर से सटे पुग्गु घांसी टोली गांव का है। जहां एक युवक शंकर मुंडा के बीमार पड़ने पर एक ओझा को बुलाकर ग्रामीण उसे घंटों झाड़ फूंक कराते रहे। इस दौरान ग्रामीणों को ढोल नगाड़ा बजाकर इकट्ठा किया गया था। यह सब देख जब गांव के जागरूक स्थानीय लोगों ने अंधविश्वास से दूर रहने की बात कही तो लोगों ने उन्हें भी खरी खोटी सुना दी। इसके बाद वे पीछे हट गए। इधर ओझा द्वारा घंटों झाड़ फूंक किये जाने के बावजूद युवक में कोई सुधार नहीं हुआ। युवक के परिजनों का कहना था कि उसे भूत प्रेत का साया पड़ गया है। जिसके कारण वह पिछले चार दिनों से बीमार चल रहा है। यह सब गलत पूजा पाठ के कारण हुआ है। पुरखों का साया उसके ऊपर आ गया है। इधर घंटों ओझागुणी के बाद भी उसपर कोई सुधार नहीं हुआ तो वे लोग उसे अखरा से घर ले गए। हालांकि सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने अखरा पहुंच कर लोगों को समझाया बुझाया। साथ ही अंधविश्वास से दूर रहकर युवक की इलाज कराने की बात कही। बावजूद ग्रामीण पुलिस की बातों को नजर अंदाज करते देखे गए।

# वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

- घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे व वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घंटों किया सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़े युवकों के शव के साथ ग्रामीण

**बसिया।** बसिया थाना क्षेत्र के कोनबीर नवाटोली स्थित संत पॉल कॉलेज गेट के समीप रांची सिमडेगा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक बाइक पर सवार तीन युवकों में से दो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों की पहचान कोनबीर नवाटोली निवासी रिकेश पवन टोपनो (24) एवं कोनबीर खड़िया टोली निवासी गुलशन करकेट्टा (27) के रूप में हुई है। वहीं कोनबीर नवाटोली निवासी ब्रिजीट कुल्लू (35) गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम लगभग 3 बजे की हैं। तीनों होरनेट बाइक से लोंगा की ओर जा रहे थे। जिन्हें अज्ञात यात्री वाहन ने पीछे से टक्कर मारी दी। जिससे सभी बीच सड़क पर ही गिर गए। जिसके बाद दो युवकों के ऊपर वाहन का चक्का चढ़ गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग हाथों हाथ मुआवजे की मांग एवं अज्ञात वाहन का पता लगा कर चालक की गिरफ़्तारी की मांग पर अड़े रहे।

समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम नहीं खुला था। इधर घायल को बसिया रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर सड़क जाम से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण सड़क के दोनों छोरों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री बसों में बैठे लोग परेशान दिखे।

## 5 जनवरी को गुमला में होगी ऐतिहासिक शौर्य यात्रा

- कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर, लगातार चल रहा है अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** 5 जनवरी को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में गुमला नगर में भव्य शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन होगो जिसमें गुमला जिले के 12 प्रखंड के संगठन के कार्यकर्ता शामिल होंगे? जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे यात्रा में आकर्षण का मुख्य बिंदु कोरबा समाज के लोग होंगे जो अपनी जीवन पद्धति और संस्कृति का परिचय देंगे। साथ ही अपनी वेशभूषा और पारंपरिक शस्त्र में यात्रा में रहेंगे उसके साथ ही 4 जनवरी शाम 3:00 बजे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा बाइक रैली भी निकल जाएगी। जिसका शुभारंभ लोहरदगा रोड सोसो मोड़ स्थित मां दुधेश्वरी स्वयं शंभू धाम मंदिर परिसर से होगा और बाइक रैली पूरे नगर भ्रमण कर जशपुर रोड, बड़ाइक मुहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। समाप्ति के पश्चात मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ भी किया जाएगो तत्पश्चात 5 जनवरी सुबह 10:00 बजे यात्रा का शुभारंभ लिप्टिस बगीचा लक्ष्मण नगर से पंक्तिबद्ध तरीके से यात्रा निकाली जाएगी जो जशपुर रोड महावीर चौक से मेंन रोड शहीद चौक से पालकोट रोड, घाटो बगीचा से सिसई रोड शहीद चौक से थाना चौक लोहरदगा रोड होते हुए हनुमान मंदिर बस डिपो डुंडुरिया में समाप्त होगी यात्रा समाप्ति के बाद मंच स्तरीय कार्यक्रम होगा। साथ ही महाभंडरा का भी आयोजन होगो विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा और बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संगठन की ओर से शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में गुमला जिले के प्रत्येक प्रखंडों से कार्यकर्ता उपस्थित होते हैं। इस कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर पूरे गुमला जिले भर में तैयारी चल रही है। साथ ही पूरे गुमला को भव्य तरीके से सजाया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सम्मानित भी किया जाएगो गुमला सभी क्षेत्र के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र पर हर टोले मुहल्ले और गांव में बैठक की जा रही है शौर्य सह साहसिक यात्रा के कार्यक्रम संयोजक संतोष यादव ने बताया कि सभी कार्यकर्ता पूर्ण मेहनत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## पासवान युवा सेना के अध्यक्ष सन्नी पासवान व मुख्य संयोजक बने हरिदास राम

- पासवान युवा सेना गुमला जिला का मिलन समारोह 12 जनवरी को, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले लोगों को किया जायेगा सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पासवान युवा सेना गुमला की बैठक सिसई रोड गांधी नगर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक मोहन पासवान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पासवान युवा सेना के कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सन्नी पासवान को अध्यक्ष व विनोद पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि मुख्य संयोजक हरिदास राम व संयोजक सिकंदर मांझी को बनाया गया। वहीं कमेटी के अन्य पदाधिकारियों की सूची सन्नी पासवान को जारी करने की जिम्मेवारी दी गयी। सन्नी पासवान ने कहा कि दो दिन के अंदर पासवान युवा सेना के नये पदाधिकारियों की सूची जारी की जायेगी। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी को पासवान युवा सेना का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम होगा। इसी दिन सम्मान समारोह भी होगा। जिसमें समाज के वैसे लोग, जो अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर कर रहे हैं, उन्हें सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा पासवान युवा सेना को स्थानीय स्तर पर निबंधन कराने पर सहमति बनी। पासवान युवा सेना कमेटी के बाद अगले एक महीना के बाद समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक कर जिला दुसाध समाज के नये पदाधिकारियों का चुनाव करने व महिला जिला कमेटी के गठन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पवन कुमार, विनोद पासवान, शंतनु पासवान, संदीप पासवान, सन्नी पासवान, करण पासवान, नकुल पासवान, मुकेश पासवान, दुर्गा राम, उमेश राम, गंगा पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सेवा भारती के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 54 लोगों ने करायी जांच



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 133वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी, राजीव यादव ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 54 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि की निशुल्क जांच की गयी। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि नियमित रूप से स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से समय पर कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस बदलते मौसम पर ठंड से बचें और बासी एवं तले हुए खाना खाने से भी बचें। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग चेकअप कराकर कई बीमारी की जानकारी प्राप्त कर इलाज करवा रहे हैं। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, राजीव यादव, सत्यम सर्राफ, रामू कर्मकार, अतुल सर्राफ, कुणाल अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, अजय अग्रवाल, बिंदेश्वरी मिस्त्री, रामजीवन प्रसाद, सुबोध महतो, प्रदीप साहू, नीलम देवी, शांति देवी, श्याम सुंदर प्रसाद, उषा देवी, बबलू कसेरा, सुरेंद्र गुप्ता, शंकर वर्मा, लीलावती देवी, प्रभा देवी, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मी देवी,तपेश्वर अग्रवाल,रामदेव भारती, रामचंद्र गिरी, नंदलाल कास्यंकार, प्रतीक साहू, रमेश शर्मा, तारा राय भंडारी, संजय साहू, अमित बंका, कृष्ण प्रसाद, अजय प्रसाद, रामप्रसाद कास्यंकार, सचिता अग्रवाल, रमेश महतो,अनूप कुमार, कुणाल चौधरी, लक्ष्मीकांत प्रसाद, शिमला देवी, राजेश अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद, आनंद पाठक, अमानत अंसारी आदि मौजूद थे।

## नये साल में धरधरिया जलप्रपात पर उमड़ती है सैलानियों की भीड़

- कभी उग्रवादियों की धमक से सुनसान रहता था धरधरिया जलप्रपात
- प्राकृतिक छटाओं से घिरे इस स्थल में पहाड़ी की चोटी से गिरते पानी की सुंदरता देखते ही बनती है

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड में स्थित धरधरिया जलप्रपात का दृश्य मन को प्रफुल्लित करता है। पर्यटक सेन्हा के धरधरिया जलप्रपात में नये साल के मौके पर प्रकृति की गोद में उत्सव मनाने पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई से गिरता पानी और पहाड़ की सुंदरता मन को आनंदित करती है।

नव वर्ष को लेकर धरधरिया को पर्यटकों का इंतजार रहता है। पर्यटक भी धरधरिया के दीदार को बेताब रहते हैं। नए साल में यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है यहां का नजारा अपने आप में बहुत अद्भुत है जो एक बार यहां आ जाए, वह यहां की तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किए बिना नहीं रह सकता। युवा यहां आपको जलप्रपात का दीदार कर सेल्फी लेते दिख जायेंगे। धरधरिया जलप्रपात को पहले नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। मई 2011 में धरधरिया जलप्रपात में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ और विस्फोट में 11 जवान शहीद हो गए थे लेकिन अब जिले से जबसे उग्रवाद कम हुई है तस्वीरें बदलने लगी हैं और लोग जलप्रपात का दीदार करने दूर दूर से पहुंच रहे हैं। लोहरदगा जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर दूर स्थित यह पर्यटन स्थल आज फिर से गुलजार हो चुका है। क्षेत्र की रौनक लौट आई है। पर्यटकों का यहां आना-जाना भी बढ़ा है। जिला प्रशासन क्षेत्र को पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से देख रही है। यहां की सुंदरता अपने आप में अद्भुत है और यह झरना पूरी तरह से खड़े चट्टान से गिरता है जो और झरनों से इसे अलग पहचान दिलाता है। जो भी पर्यटक यहां पर एक बार आता है, वह कहे बिना नहीं रह सकता कि हमने लाख जहां देखे हैं, पर ऐसा नहीं देखा। निश्चित रूप से धरधरिया जलप्रपात अपने आप में अद्भुत और दिल को सुकून देने वाला रमणीक पर्यटन स्थल है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा कलिगा पंचायत में दिखता है खोखला

- आठ हजार आबादी वाले गांव में नहीं है एक भी हाई स्कूल, दो मीडिल स्कूल ही केवल संचालित है
- पांचवीं की शिक्षा के बाद बेटियों को हाई स्कूल की शिक्षा प्राप्त करने में होती है परेशानी

**दीपक राम काजू**



गांव का मीडिल स्कूल

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के पूर्व भाग स्थित कलिगा पंचायत में हाई स्कूल की सुविधा नहीं है। इस पंचायत की आबादी लगभग 8 हजार है। सदान व खड़िया बहुल इस पंचायत में दो मीडिल स्कूल है। जिसके बाद हाई स्कूल की शिक्षा के लिए इस पंचायत के बच्चों को आठ से दस किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। हाई स्कूल की शिक्षा के लिए लड़के तो आठ से दस किलो मीटर की दूर तय कर लेते हैं लेकिन कई लड़कियों की शिक्षा पांचवीं के बाद शायद रूक जाती है।

यह दुर्भाग्य कहें या जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कहें। आजादी के इतने लंबे अंतराल के बाद भी इतने बड़े पंचायत में एक हाई स्कूल का न होना लोगों को अचरज में डाल देता है। कभी यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित रहा था। जहां दिन के उजाले में ही गांव में नक्सलियों की चहल कदमी होती थी। लेकिन वो बुरा वक्त तो जरूर गुजर गया लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में इस पंचायत में कोई क्रांति नहीं हुई। झारखंड राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में स्कूलों को मर्ज करने का अभियान जोर-शोर से चलाया गया और सैकड़ों स्कूलों को मर्ज भी किया गया। कई स्कूलों को उत्क्रमित कर हाई स्कूल का दर्जा दिया गया। लेकिन कलिगा पंचायत में किसी स्कूल को उत्क्रमित कर हाई स्कूल नहीं बनाया गया। शिक्षा के अभाव में गांव का विकास भी अधूरा है। क्षेत्र के लोग आज भी उच्च शिक्षा की बाट जोह रहे हैं। इस संबंध में गांव की सुमति देवी, पंचायत समिति सदस्य कमला कच्छप, निर्मला तिर्की व पुष्पा देवी ने बताया कि उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण सबसे अधिक बच्चियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। कलिगा पंचायत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला दिखलाई पड़ता है। क्योंकि आजादी के इतने लंबे दशक के बाद भी गांव में हाई स्कूल की सुविधा नहीं है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी शिक्षा की बात तो करते हैं पर बच्चियां कैसे शिक्षित होंगी इसका प्रबंधन नहीं कर पाते हैं। जनता तो चुनाव में उच्च शिक्षा को चुनावी मुद्दा बना सकते हैं लेकिन एकजुटता की कमी दिखलाई पड़ती है।

## आस्तिक हार्डवेयर स्टोर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहर के हरमू रोड में आस्तिक हार्डवेयर स्टोर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उद्घाटन से पहले पारंपरिक प्रार्थना सह पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथिगण समेत समाज के अगुवा और जिले के गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। उसके पश्चात सभी लोगों के साथ मिलकर अभिनव सिद्धार्थ भगत के द्वारा फीता काट दुकान का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अभिनव सिद्धार्थ भगत ने बतलाया कि स्वतंत्र एवं नया व्यवसाय न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि सामाजिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। यह हार्डवेयर स्टोर लोहदरगा के शहर क्षेत्र से सटे हुए हरमू पंचायत और समीप के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की एक नई दिशा तय करेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

उन्होंने स्टोर के मालिक और टीम को उनके इस प्रयास के लिए बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आस्तिक हार्डवेयर स्टोर के मालिक शिवचरण उरांव ने कहा कि अब स्थानीय निवासियों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। यह स्टोर क्षेत्र में विकास और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित करेगा।

मौके पर राजी पढ़हासरना प्रार्थना सभा के जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, जिलासचिव सुकेंद्र उरांव, सुधीर उरांव, नीलम उरांव, सुगी उरांव रामदास उरांव, लच्छू उरांव, मनोज उरांव, आशीष कुजूर, मंगरा उरांव, अमित मिंज एवं समाज के अगुवा गण समेत भारी संख्या में स्थानीय अतिथिगण मौजूद थे।

## टोरी में आरओबी व एफओबी निर्माण की मांग को लेकर चार जनवरी को कफन सत्याग्रह आंदोलन

# तीन साल बीत जाने के बाद लटका रहा मामला

- 3 अप्रैल 2021 को हुआ था फ्लाई ओवरब्रिज का शिलान्यास
- टोरी जक्शन पश्चिमी छोर पर एफओबी का कार्य दो माह से बंद है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार जिले की ज्वलंत समस्याओं में से एक टोरी रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण व टोरी जक्शन पर अधर में लटके फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर आगामी नव वर्ष के पहले सप्ताह में एक बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। आगामी 4 जनवरी को टोरी जंक्शन-रेलवे क्रॉसिंग के समीप माकपा के तत्वावधान में कफन सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। पार्टी के नेता अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने के बजाय एनएचएआई शिर्फ टेंडर-टेंडर का खेल रही है, छः बार आरओबी के लिए टेंडर निकाला गया, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुई। जबकि आरओबी निर्माण को लेकर 03 अप्रैल 2021 को ऑनलाईन शिलान्यास भी हुई थी, शिलान्यास के साढ़े तीन साल हो गए लेकिन केंद्रीय योजना का एनएचएआई


फाटक में फंसा ऐम्बुलेंस।

ऐसा हश्र करेगा कोई सोंचा नहीं था, इसके नहीं बनने से रेलवे क्रॉसिंग जाम में एम्बुलेंस समेत लाखों लोग प्रतिदिन प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर फुट ओवरब्रिज का कार्य करीब नौ माह होने के बाद रेलवे विभाग और संवेदक की उदासीनता के कारण दो माह से बंद पड़ा है, छात्र छात्राओं को स्कूल कॉलेज जाने में परेशानी हो रही है, आरओबी के लिए अधिग्रहण की गई भुमि - मकान की मुआवजा राशि अबतक रैयतों को नहीं दी गई है, वे मुआवजा राशि के दौड़ लगा रहे हैं, परसाही से भंडारगढ़ा जाने वाले रास्ते में अंडरब्रिज पास नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी असुविधा हो रही है। बालूमाथ रेलवे लाईन पर शिर्फ कोयला की मालगाड़ी चल रही है, लोगों का सपना था कि इस रेलवे रुट पर पैसेंजर ट्रेन चलाया जाएगा लेकिन ग्रामीणों का सपना सपना ही रह गया है। टोरी जंक्शन में यात्री सुविधा का घोर अभाव है, इन्हीं मांगों पर जोर डालने के लिए कफन सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है।

# टमाटर मूल्यों मे भारी गिरावट, किसान चिंतित

- 4 से 5 रूपये प्रतिकिलो हुआ टमाटर का दाम
- नवंबर माह मे बेहतर मूल्यों मे बिके टमाटर किसान थे उत्साहित
- 20 दिसंबर से हड़ास हुआ मूल्य, 4 से 5 रुपए प्रतिकीलो व्यापारीयों द्वारा की जा रही है खरीदारी

**संजय राम**

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया थोक टमाटर मंडी मे 20 दिसंबर से लगातार प्रतिकीलो 4 से 5 की भारी गिरावट दर से टमाटर की खरीदारी की जा रही है। जिससे किसानों मे काफी निराशा देखा जा रहा है । टमाटर मंडी गोनिया क्षेत्र के किसानों से व्यपारीयों द्वारा थोक टमाटर की खरीदारी की जाती है। लगातार गिरते भाव से मुनाफा तो दूर की बात किसानों को खेती मे लागत पूंजी भी वापस नहीं आ रहा है। बारियातू प्रखंड मे कुल नौ पंचायत है गोनिया, टोटी, साल्वे, बारियातू, डाढ़ा, फूलसु, बालूभाँग, अमरवाडीह व सिबला शामिल है इस क्षेत्र के किसान आर्थिक आमदनी के लिए पूंजी लगाकर अधिकतम टमाटर का उत्पादन करते है। क्षेत्र के किसान अन्य फसल भी करते हैं लेकिन सबसे बेहतर आय का श्रोत के उदेश्य से टमाटर उत्पादन करते हैं। यहां के किसान का यही मात्र आमदनी का जरिया है। टमाटर खेती से कर्ज महाजन, घरेलु काम सहित शिक्षा के लिए टमाटर उत्पादन वरदान साबित होता है। परन्तु ओने पौने दाम से मुनाफा तो दूर किसानों को खेती मे लागत पूंजी भी नहीं निकल रहा है। जबकि किसान खेती करने के पूर्व खाद्य और महंगे बीज, मजदूरी,पौधे को सुरक्षित रखने के लिए दवा छिड़काव सहित जुताई के लिए और टमाटर तुड़ाई के लिए काफी खर्च करते हैं।



### अक्टूबर नवंबर माह तक मिलता है बेहतर मूल्य, पिछले खेती करने वाले किसानों को प्रत्येक वर्ष उठाना पड़ता है नुकसान

पूर्व मे लगाए गए टमाटर फसल मूल्य मे लोगों को अच्छी आमदनी होती है इस वर्ष अक्टूबर नवंबर माह मे गोनिया थोक मंडी मे 35 से 38 रुपए तक टमाटर की खरीदारी की गई लेकिन पिछले खेती करने वाले किसानों को अंतिम दिसंबर और जनवरी तक निकलने वाले टमाटर का दाम प्रत्येक वर्ष हाड़ास हो जाता है। जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ता है। यह क्षेत्र टमाटर आधारित क्षेत्र है टमाटर फसल उत्पादन के मामले मे हब माना जाता है। गोनिया टमाटर मंडी मे कोलकाता, धनबाद, बिहार, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, आसनसोल सहित कई राज्य से व्यपारी टमाटर की थोक खरीदारी करते है। टमाटर सभी उपयोगी सब्जियाँ मे सेवन किया जाता है।

### किसानों को उठाना पड़ता है नुकसान

क्षेत्र मे टमाटर सॉस प्लांट नहीं रहने से किसानों को दिसंबर से लेकर फरवरी तक मूल्यों मे गिरावट हो जाता है। व्यापारीयों को भी टमाटर की खरीदारी मे कभी कभी नुकसान उठाना पड़ जाता है। यहाँ प्लांट रहने से जिस कदर नुकसान उठाना पड़ता है वैसा नुकसान नहीं उठाना पड़ता और लोगों को रोजगार बढ़ता। ग्रामीण अपने खेत मे टमाटर तोड़ाई कर टेम्पु, ट्रेक्टर,मोटर साईकिल सहित अन्य चीजों से अपने सुविधा अनुसार गोनिया बाजार ले जाते हैं। टमाटर उत्पादन से कई लोगों को रोजगार भी मिलता है। वाहन मे लोडिंग करना, पेटी मे टमाटर कसना सहित अन्य कार्यों मे भी मजदूर का रोजगार मिल जाता है। जिससे दूसरे राज्य मे पलायन की मात्रा कम हो जाता है।

### किसी ने भी टमाटर सॉस प्लांट के लिए नहीं किया ध्यान आकर्षित

टमाटर सॉस प्लांट के लिए किसी ने ध्यान आकर्षित नहीं किया है। टमाटर सॉस प्लांट लगने से क्षेत्र के विकास से साथ आसपास के लोगों को रोजगार का अवसर मिलता। अन्य कई राज्यों मे उत्पादकता के आधार सभी खेती की साधन सुविधा उपलब्ध किया गया है लेकिन गोनिया मंडी मे पिछले 50 वर्षों से टमाटर उत्पादन किया जा रहा है परन्तु किसी ने नहीं ध्यान दिया है। ग्रामीण पूरन साव, सीताराम गंझु, जीतेन्द्र सिंह जीवन, अरुण कुमार, विनय प्रसाद, जागेश्वर उरांव, गौतम सिंह, भोला साव, टिंकू साव, राजू विश्वकर्मा, किशुन कुमार, बब्लु सिंह, पंकज कुमार सिंह, अजय कुमार राम ने सरकार से गोनिया बारियातू आसपास टमाटर सॉस प्लांट लगवाने की मांग की है।

## लायंस क्लब ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल


कंबल बांटते क्लब के लोग।

**चंदवा।** लायंस क्लब चंदवा ने जरूरमंदों के बीच कंबल बांटे। कंबल वितरण करते हुए क्लब के संदीप कानोडिया, निर्मल भारती, आयुष कुमार आदि ने कहा कि लायंस क्लब अपनी स्थापना काल से जनहितार्थ से जुड़े कार्यों के संपादन करती आ रही है। भविष्य में भी जन कल्याण से जुड़े कार्यों का संपादन करती रहेगी। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जन कल्याण से जुड़े कार्यों का संपादन करना चाहिए। कंबल प्राप्त किए लोगों ने क्लब सदस्यों के प्रति आभार जताया। इस दौरान विश्वनाथ मंदिर में भोग लगाकर प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। मौके पर मंदिर पुजारी राजकुमार पंडा, राजकुमार केशरी, सुधीर कुमार, अजीत समेत अन्य मौजूद थे।

## गांजा की खेती करने से रोका तो पीट कर किया घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के आराहारा गांव में अपनी जमीन पर अवैध गांजा की खेती करने से रोकने पर जमीन मालिक की पिटाई कर दिये जाने का मामला सामने आया है। जमीन मालिक फनेश्वर यादव 55वर्ष ग्राम आराहारा निवासी ने बताया कि वह कमाने के लिए हैदराबाद गया था। जहां उसे सूचना मिली कि उसकी जमीन पर तस्करों ने अवैध गांजा की खेती कर दिया है। जिसके बाद वह आनन-फानन में अपने गांव पहुंचा। जहां पूछने पर पता लगा कि


घायल व्यक्ति।

गांव के लालजी महतो ने अवैध गांजा की खेती किया है। जिसके बाद फनेश्वर ने अपने जमीन पर गांजा लगाने वाले लालजी महतो के घर गया जहां कहासुनी के दौरान लालजी महतो और पूरे परिवार ने फनेश्वर यादव पर हमला बोल दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दिया। जिससे फनेश्वर यादव का सर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट करने वालो में सरिता देवी, आरती देवी, देविका देवी और आनंद यादव का नाम शामिल है। वही घटना के बाद परिजनों द्वारा फनेश्वर यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वही पीड़ित ने इसकी सूचना हेरहंज पुलिस को दिया है। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मानस महायज्ञ की रजत जयंती को लेकर बैठक एक को

**कांडी।** 25वें मानस महायज्ञ के आयोजन को लेकर सतबहिनी झरना तीर्थ में पहली जनवरी को दूसरी बैठक होगी। इसमें समिति के सभी कोटि के सदस्यों के साथ आम जनों को भी आमंत्रित किया गया है। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव पं. मुरलीधर मिश्र ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में नववर्ष में मानस महायज्ञ की रजत जयंती मनाई जाएगी। लिहाजा इस बार महायज्ञ का विशेष रूप से भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एक जनवरी को महायज्ञ की तैयारी को लेकर दूसरी बैठक की जाएगी। समिति के अध्यक्ष विधायक नरेश प्रसाद सिंह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# जंगली हाथी ने ली महिला की जान

**खबर मन्त्र संवाददादा**

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के टेनटाड गांव निवासी 60 वषीर्या भागामानिया कोईन को शनिवार के रात्रि में सीठवा खरा जंगल में जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला। भंडरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। वन विभाग ने मृतका के परिजनों को तत्काल पचास हजार रुपए मुआवजा की राशि प्रदान किया है। जानकारी के अनुसार भागामानिया कोईन साप्ताहिक बाजार भंडरिया आई थी। बाजार कर अपने घर टेनटाड जा रही थी। उसी दौरान घर न जाकर वह जंगल की रास्ता में चली गई। सुबह होते ही उसके परिजन काफी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान उसका शव जंगल में मिला। मौत की खबर सुनते ही गांव के महिला पुरुष घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां पर हाथी का पैर का निशान एवं मृतका के पूरे शरीर में हाथी का निशान देखा। लोगों ने बताया कि पूरी रात हाथी के आतंक से गांव के लोग परेशान



थे। इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का हमला कई महीनो से चल रहा है। हाथियों के हमले से अब तक कई लोगों की जान चली गई। लेकिन वन विभाग अभी तक हाथी के आतंक से बचाने में पूरी तरह से नाकाम रही है। इस संबंध में वनकर्मियों ने बताया कि विभाग के द्वारा गांव में बराबर सूचना दी जा रही है कि जंगल में लोग नहीं जाएं। अनावश्यक जंगल की ओर न घूमें। गांव में घूम-घूम कर वनकर्मियों ने बराबर इस की जानकारी दे रहे हैं। इसके बावजूद भी लोग मानने को तैयार नहीं हैं। मौके पर प्रभारी वनपाल कमलेश कुमार, आनंद कुमार, अंकित कुमार, रोशन, तुषार कुमार समेत वन विभाग के अन्य कर्मचारी और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## लातेहार पुलिस एसोसिएशन का मतदान में अध्यक्ष पद के लिए कड़ी टक्कर


मतदान करते लोग।

**लातेहार।** लातेहार पुलिस एसोसिएशन का मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। बता दें कि अध्यक्ष के पद के लिए दो उमीदवार है। जिनमे राजकुमार लकड़ा और इंद्रजीत पासवान के बीच कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। उपाध्यक्ष पद में आलोक तिवारी और जगत प्रकाश, सचिव पद के लिए विनय कुमार और पंकज कुमार यादव, कोषाध्यक्ष के लिए पंचानन प्रमाणिक, सुरेंद्र महतो और उमापद महतो, संयुक्त सचिव के लिए मुमताज खान, मनोरंजन सिंह और चंदन राम मैदान में हैं। चुनाव को संपन्न कराने को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पलामू के सुरेश कुमार ओझा, विपिन कुमार ठाकुर, जयप्रकाश सिंह, शशि डेविड मिंज और नवी अंसारी मौजूद रहे। बता दें कि खबर लिखे जाने तक मतदान जारी था।

## जंगली हाथी के झुंड ने किया घर को धवस्त


धवस्त घर व मौके पर मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरपा पंचायत के जिपुआ ग्राम में शनिवार देर रात कविता देवी के घर को जंगली हाथी के झुंड ने तोड़ दिया और घर मे रखा गेंहू,चावल खा गया। घर टूट जाने के कारण पूरा परिवार बेघर हो गया। वहीं घटना के बाद फॉरेस्टर धनंजय उरांव ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लिया जहां पीड़ित परिवार ने बताया कि ठंड के मौसम में घर टूट जाने के कारण अब वे लोग घर के बाहर रहने को विवश है। वही खाने पीने का सामान भी नहीं बचा है । जिस पर फॉरेस्टर ने मदद करने का आश्वासन दिया ।वही मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा की पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द पक्का मकान एवम खाद्य पदार्थ मुहाया कराया जाए।

ताकि गरीब परिवार अपना गुजारा कर सके। ज्ञात हो कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई महीनो से जंगली हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। हांथीयो को ग्रामीण इलाके से दूर भगाने में वन विभाग नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण जंगली हाथी खेतों में लगे फसल एवं ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा दिसंबर माह में जंगली हाथियों के झुंड में दो ग्रामीणों को पटक कर मार डाला है। मौके पर कविता देवी, प्रिंस यादव, प्रियजन यादव, झमन यादव, सुरेश प्रजापति, भूटान मिस्त्री समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## हिंदू एकता मंच के प्रखंड अध्यक्ष बने मनीष

**मझिआंव।** नगर पंचायत स्थित कोयल नदी के किनारे मां काली मंदिर के परिसर में रविवार को हिंदू एकता मंच की बैठक संपन्न हुई। इसमे प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनीष कुमार गुप्ता को हिंदू एकता मंच का प्रखंड अध्यक्ष, चंदन सिंह एवं टुकु कमलापुरी को उपाध्यक्ष, पिंटू चंद्रवंशी को महामंत्री, प्रिंस सोनी एवं शिवम गुप्ता को मंत्री, दीपक माली को श्रीराम जानकी अखाड़ा का प्रमुख, ओमप्रकाश विश्वकर्मा को मीडिया प्रभारी एवं बंटी मालाकार तथा आनंद गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अतिरिक्त मारुत नंदन सोनी, अभिमन्यु सिंह तथा शिवनारायण कमलापुरी को संरक्षक बनाया गया। मंच के नये मनोनीत अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि हिंदू एकता मंच के तत्वाधान में हिंदू समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए भविष्य में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें निकट भविष्य में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला के अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम मझिआंव शहर में किया जाएगा।

# स्तरहीन व्यक्ति को बना दिया गढ़वा का विधायक: धीरज

**गढ़वा।** स्तरहीन व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुनकर गढ़वा की जनता खुद को अपमानित महसूस कर रही है। जनता की वोट से विधायक जैसे गरिमामयी पद पर बैठे व्यक्ति का सड़क छाप व्यवहार देख कर यहां की जनता हतप्रभ है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के वायरल गाली-गलौज वाले ऑडियो की भत्र्सना करते हुए कही। श्री दुबे ने कहा कि ठेकेदारों से कमीशन वसूली के चक्कर में विकास कार्य प्रभावित करने का लगातार प्रयास तो हो ही रहा था परंतु अब व्यक्तिगत मान-मर्दन का भी प्रयास प्रारंभ हो गया है। विधायक बनने से पूर्व भी सत्येंद्रनाथ तिवारी के द्वारा कई मौके पर महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। पुनः मां-बहन का गाली देकर वह महिलाओं के प्रति अपने दुर्भावना को उजागर करने का काम किए है। ऐसा व्यवहार कर वह लोगों के बीच भय


धीरज दुबे।

का माहौल बनाना चाहते हैं तथा धौंस दिखाकर अपना हित साधने का प्रयास कर रहे हैं जिसको झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और पूरी मजबूती के साथ भय, भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनहित में आवाज बुलंद करता रहेगा। किसी व्यक्ति के खिलाफ विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी दुर्भावना से ग्रसित होकर पीड़ा या नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे तो झामुमो का हर एक कार्यकर्ता पीड़ित के साथ चट्टान की तरह खड़ा मिलेगा और जरूरत पड़ने पर न्याय के लिए सरकार से लेकर न्यायालय तक का दरवाजा खटखटाना में तनिक भी देर नहीं करेगा।

# चौधरी जेनरल हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क आईवीएफ कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के सदर हॉस्पिटल के समीप स्थित चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर (आईवीएफ कैंप) का आयोजन किया गया। जिसमें अवेटा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, रांची की स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञा डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम एवं उनके मेडिकल टीम द्वारा निःशुल्क जांच किया गया। शिविर में लगभग 25 निःसंतान दम्पतियों को निःशुल्क आईवीएफ की जानकारी दी गई। वैसे दंपति जो विवाह के साल भर बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे हों, पुरुष में शुक्राणु की कमी, महिलाओं में अंडाणु की कमी, नसबंदी के बाद भी मां बनने की इच्छा, अनियमित माहवारी, ल्यूकोरिया, पीसीओडी जैसी समस्या वाले ज्यादातर दम्पति शामिल थे। हॉस्पिटल के चेयरमैन


जांच करती चिकित्सक।

डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि समाज में बांझपन को दूसरे नजरिये से देखा जाता है। खासकर महिलाओं को ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और यही कारण है कि उनका मनोबल कम होते चला जाता है। एक तरफ परिवार से तो दूसरी तरफ समाज से कई तरह की अपशब्दों से अपमानित किया जाता है। यहां तक कि रिश्ते टूटने तक भी बात आ जाती है। ऐसे स्थिति में लोगों को जागरूक कर काफी हद तक महिलाओं के उत्पीड़न से रोका जा सकता है और समाज में इन्हें भी उचित सम्मान मिल सकता है। अब बांझपन अभिशाप नहीं है बल्कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति से मातृत्व सुख पाया जा सकता है। डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम प्रत्येक महीने 29 तारीख को परामर्श देती हैं। अधिक जानकारी के लिए 9955441987, 6205744015 पर सम्पर्क कर सकते हैं। मौके पर हॉस्पिटल निदेशक डॉ जुली कुमारी, आईवीएफ काउंसलर रूपेश पांडेय, मदन कुमार महतो, एएनएम संगीता कुमारी, एएनएम कविता कुमारी, लैब टेक्नीशियन कुलदीप ठाकुर, फार्मासिस्ट राहुल चैधरी, फैयाज अंसारी, रौशन कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## मांगो को लेकर मजदूरों का धरना प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व आठ सूत्री मांगो को लेकर मजदूरों का धरना प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष सातवें दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन के सातवें दिन धरना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी ने मजदूरों को अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर मजदूरों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी उनकी मांगों को गंभीरता से लगी और इसे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राहुल गांधी तक पहुंचाएंगे ताकि इस मुद्दे का समाधान शीघ्र हो सके। कांग्रेस द्वारा यहां पर एशिया का सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट स्थापित किया गया था, इसे किसी भी कीमत पर यहां से नहीं हटाया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने धरने में शामिल लोगों को आस्वस्थ किया कि पार्टी उनके संघर्ष में पूरी तरह से उनके साथ देगी और सभी वाजिक मांगों को पूरा करने के लिए सभी संभावित कदम उठाए जाएंगे। मौके पर इंटक यूनियन के सुशील चैबे, कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चैबे, देवचंद यादव, महेंद्र पाल, संजय सिंह, श्याम सुंदर मेहता, रामनाथ राम, राम करेश चैबे, उमेश त्रिपाठी, सुनील राम, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बीरेंद्र साह, रामविजय साह, दीपक जायसवाल, शंभू राम सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

# सीपी मेमोरियल और बीएनटी संत मैरी अपने-अपने मैच जीते

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 14वें दिन सीपी मेमोरियल स्कूल की टीम ने डीएवी मॉडल को आठ विकेट से हराकर, बीएनटी संत मैरी ने ज्ञान निकेतन को 49 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। डीएवी मॉडल पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 73 रन बनाए। सीपी मेमोरियल की ओर से प्रिय राज ने तीन और शिवम ने दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल की टीम ने नीतीश गुप्ता के नाबाद 25 और बिपुल के 11 रन के सहयोग से पांच ओवर में दो विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ


मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते सीजीएम व अन्य।

द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल के प्रिय राज को दिया गया। दूसरे मैच में बीएनटी संत मेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अक्षम के शानदार 52 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में 148 रन बनाए। ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल की ओर से सैफ ने तीन विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट की टीम ने निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 100 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीजीएम बिनोद कुमार और डॉ पंकज प्रभात ने अभिनव यादव को प्रदान किया। मौके पर गढ़वा जिला के पूर्व कप्तान सह चाईबासा के सीजीएम बिनोद कुमार ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उनसे हमारे भीतर अनुशासन एवं परिश्रम जैसे गुण और सामाजिकता एवं देश प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। चिकित्सक डॉ पंकज प्रभात ने कहा कि खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। हार-जीत की परवाह किए बिना हमें अनुशासित हो प्रतिभागी बनना चाहिए। मौके पर सह सचिव आनंद सिन्हा, दीपक, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, मनीष उपाध्याय, आलोक, धीरज, रोहन तिवारी, आकाश, नैतिक, शहजाद, नमन, गोलू दास आदि लोग उपस्थित थे।

## जिप अध्यक्ष व जिपस ने की कंबल वितरण

**भवनाथपुर।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने प्रखंड क्षेत्र के कैलान ग्राम में कंबल वितरण किया। इस


वितरण करती जिप अध्यक्ष व जिप सदस्य।

कार्यक्रम में रंजनी शर्मा के निवेदन पर जिप अध्यक्ष द्वारा अपनी ओर से कंबल उपलब्ध कराया गया। जो कोरवा परिवार, आदिम जनजाति, आदिवासी, हरिजन और अन्य पिछड़े वर्गों के वृद्धों, विधवाओं, दिव्यांगों और अन्य गरीब व्यक्तियों के बीच वितरण किया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष और जिप सदस्य ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज के वंचित वर्गों की मदद करने के लिए आयोजित किया गया है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। मौके पर पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष बृजेश सिंह, राजमोहन यादव, सरवर खान, विकास ठाकुर, नौशाद खान, अजय टाइगर, झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

# लूट के दौरान गोली कांड में घायल ज्वेलरी व्यवसायी की आसनसोल ले जाने के क्रम में मौत, मातम



रोते-बिलखते परिवार के लोग

## आवाज ग्रामीणों को सुनाई न दे, इसलिए अपराधियों ने करीब से गोली मारी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया।** दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के पहरुडीह गांव निवासी 26 वर्षीय जेवर व्यसायी संजय राणा की मौत के बाद रविवार पूरा दिन आसनसोल से उसके पार्थिव शरीर के आने की प्रतीक्षा में परिजन व ग्रामीण परेशान दिखे। बीते शाम को अपराधियों ने छिनतई के क्रम में उसपर सटाकर गोली मारी थी।

गोली किडनी लिवर तक को डैमेज कर चुका था। उनके साथ जिंदा से मौत तक रहे रिश्ते में बहनोई रवि कुमार ने बताया कि संजय को किसी से कोई लेना देना नहीं था और नही किसी से कोई दुश्मनी थी। उनकी शादी कोरोना के वर्ष 2020 को मसलिया थाना क्षेत्र के ही गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव के अरुण राणा की एकलौती बेटी खुशबू के साथ हुई थी। उनका तीन वर्षीय का एक बेटा आदित्य राणा भी है।

कम उम्र में ही अपने परिवार का बोझ अपने कंधे में लेकर बड़ी उम्मीद से आश्रम मोड़ चापुड़िया में एक भाड़े पर कमरा लेकर ज्वेलरी का धंधा शुरू किया था। दिन भर ज्वेलरी दुकान में रहने के बाद रात को रोज की तरह सारा सामान लेकर वह दुकान से दो किलोमीटर दूर गांव पहरुडीह चल आता था। केवल मोहलबना गांव के नीचे मोड़ के पास 500 मीटर का सुनसान खाली जगह पड़ता है। जिसका अपराधियों ने रेकी कर निशाना बनाया और शाम को उसका बाइक को रोक छीनतई के दौरान गोली मार दिया। गोली की आवाज लोगों को सुनाई नहीं दे इसके लिए कमर के पास सटाकर गोली मारा। मरने से पहले संजय बस एक ही बात कह रहा था कि मैं बहुत लड़ा पर मैं जससे सका नहीं। मुझे धोखे से गोली मार दिया।

संजय राणा के पिता मनबोध राणा, छोटा भाई मुकेश राणा, पत्नी मां व पूरा समाज उनके साथ इस घटना घटाने वालों को सलाखों के पीछे देखने के लिए पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में मसलिया थाना प्रभारी अनिल कुमार टुडू ने बताया कि इस मामले में एसआईटी टीम गठित कर छानबीन की जा रही है। जिला से वरीय अधिकारियों की टीम भी घटना से संबंधित जगहों का जायजा लिया है।

### कल पहुंचेगा शाम तक संजय का शव

संजय का शव का आज पोस्टमार्टम नहीं हो पाने की वजह से उनके पैतृक गांव मोहलबना पार्थिव शरीर नहीं पहुंच पाया। परिजनों ने बताया कि आज किसी कारण वश पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। सुबह दस बजे पोस्टमार्टम के पूर्व लगी गोली को निकाला जाएगा। इसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होगी। संभवतः शाम तक संजय का शव दुमका पहुंच सकता है।

## ग्रामीण क्षेत्र में नहीं कम हुआ धान खरीद का बिचौलियापन



**बोकारो/कसमार।** बीते 15 दिसंबर को हीसिम और सिंहपुर पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन के अवसर पर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा था कि किसानों के धान को औने पौने दामों पर खरीदने वाले बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बावजूद इसके क्षेत्र में धान खरीद का बिचौलिया गिरी कम नहीं हुआ है। बिचौलिया लोग गोला रामगढ़ जैनामोड खैराचातर इत्यादि जगहों से आकर खुलेआम गाड़ी खड़ा करके किसानों से ओने पौने दाम से धान खरीद कर ले जा रहे हैं। कार्रवाई की बात तो दूर उन्हें कोई रोकने- टोकने वाला भी नहीं है। कुछ बिचौलिया तो 1 क्विंटल 10 किलो धान पर 50 किलो चावल दे रहे हैं। गणना करके देखें तो किसानों को 890 रुपए प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि धान बेचने के लिए पेपर बनाने के लिए कई चक्कर उन्हें लगाने पड़ते हैं। धान का पैसा भी उन्हें देर से मिलता है। इसपर कसमार के किसान केसर महतो शंकर महतो विनय कुमार महतो दिनेश महतो सुबन महतो भुनेश्वर महतो विष्टु महतो झरी महतो संजय महतो भूषण महतो साधु चरण महतो प्रयाग महतो नागेश्वर महतो इत्यादि विभाग की लापरवाही का बयां करते हुए कहा पिछले वर्ष पैक्स को धान बेचे थे लेकिन पैसे का भुगतान उन्हें कई महीने बाद मिला था।

## गोदाम का सामान कबाड़ीखाने से बरामद, एक गिरफ्तार



चोरी का समान बरामद करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव स्थित झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल ) के गोदाम से चोरी हुआ सामान पास ही के कबाड़ीखाने से रविवार को बरामद हुआ। इस बरामदगी के बाद पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए कबाड़ीखाने के मलिक शोबराती अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। दरअसल शनिवार की रात चोरी के बरमसिया गांव के ग्रामीणों ने देखा कि कुछ चोर जेयूएसएनएल के गोदाम से सामान निकाल कर बाहर रख रहे हैं। ग्रामीणों ने सभी चोरों को घेरना शुरू किया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर सभी वहां से भाग निकले। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। रविवार को जांच में आई पुलिस को पता चला कि बरमसिया गांव के शोबराती अंसारी जो कबाड़ खरीदने का काम करते हैं। उनके यहां भी बिजली का सामान है। इस सूचना पर तत्काल छापेमारी की गई तो भारी मात्रा में बिजली के उपकरण मिले।

जिसे पुलिस जब्त कर शिकारीपाड़ा थाने ले आई है। इधर विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट शत्रुघ्न साहू ने बताया कि यह सारा सामान झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के गोदाम का है। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि इसके पहले भी कई बार वहां से चोरी हुई है। सबसे आश्चर्य की बात यह भी है कि इस गोदाम की रखवाली के लिए होमगार्ड के पांच जवान नाइट गार्ड के रूप में प्रतिनियुक्ति है। इसके बावजूद लगातार चोरी होना इन पांचों नाइट गार्ड के कार्य क्षमता पर भी सवाल खड़ा कर रहा है।

## आनंदमार्गियों का विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन एक जनवरी को



**बोकारो।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आगामी 01 जनवरी 2025 को निकटवर्ती आनंद नगर में एकदिवसीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन में देश-विदेश से हजारों-हजार आनंदमार्गी भाग लेंगे। चास स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी दी गई। आनन्द मार्ग के आचार्य रमेन्द्रानन्द अवधूत आचार्य प्रणवेशानन्द अवधूत एवं आचार्य अवनिन्द्रानन्द अवधूत ने कहा कि आनंद नगर आनंद मार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी की भावी विश्व समाज की परिकल्पना का केन्द्र बिन्दु है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिवर्ष शीतकाल में वर्ष के अंत और नए वर्ष की शुरूआती तिथि को देश विदेश में फैले आनन्द मार्ग के अनुयायी धर्म महा चक्र व धर्म महासम्मेलन में नियमित आते रहे हैं। संघ के निर्णय के अनुसार सिर्फ 1 जनवरी को विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। उत्सव का शुभारंभ पांचजन्य के जयघोष से होगी एवं मध्याह्न तथा संध्याकाल में श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेववानन्द अवधूत का आध्यात्मिक उद्बोधन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम विप्लवी विवाह 1000 गरीबों में कंबल वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आचार्य रमेन्द्रानंद ने कहा कि धर्म महासम्मेलन की तिथि को लेकर अंत तक पुरुलिया प्रशासन की ओर से सकारात्मक सहयोग नहीं मिला।

## देशी कट्टा के साथ बाइक चोर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा

### स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने भेजा भेज



गिरफ्तार चोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र स्थित नीचे बाजार के समीप एक बाइक चोर देशी पिस्तौल के साथ ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी। जानकारी के अनुसार जिले के जरमुंडी थाना के खरविंदा का रहने वाला 20 वर्षीय मुकेश राय, पिता शंकर राय बाइक चोरी करने की योजना बना रहा था। इसी दरम्यिन भलसुमिया गांव के रहने वाले एक युवक की नजर बाइक के पास संदिग्ध हालत में खड़े मुकेश राय पर पड़ी। जो बाइक चोरी कर भागने के फिराक में था। इसी बीच आस -पास खड़े लोगों ने बाइक चोरी की योजना बना रहे मुकेश राय नामक युवक को धर दबोच उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस के पहुंचने पर बाइक चोर युवक को लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया।

तलाशी के बाद आरोपी युवक के पास पुलिस एक देशी कट्टा भी बरामद करने में सफल रही। उधर बाइक चोर के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही बाईक चोरी का शिकार हुए लोग थाना के आस-पास मंडराने लगे। इनमें वैसे भी लोग थे। जिनकी बाइक पिछले सप्ताह जरमुंडी से चोरी हुई थी।

## पूर्व पीएम पर अभद्र टिप्पणी की शिकायत नगर थाना पहुंची

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सोशल मीडिया पर दिवंगत पीएम मनमोहन सिंह को लेकर अभद्र टिप्पणी की लिखित शिकायत नगर थाना पुलिस को दी गई है। कांग्रेस सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष निश्चित कुमार ने नगर थाना पुलिस को लिखित शिकायत डंगालपाड़ा निवासी हर्षनंदन आनंद के खिलाफ किया है। आवेदन में बताया है कि पूर्व पीएम स्व मनमोहन सिंह के खिलाफ अपशब्द लिखा गया है। पोस्ट पर आपत्ति जताते हुए नगर थाना पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया। हलांकि पोस्ट पर लगातार कॉमेंट आने के बाद पोस्ट डिलिट कर दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## संस्कृत संभाषण अभ्यास वर्ग में सांसद हुए शामिल, किया प्रोत्साहित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** संस्कृत भारती की ओर से एनएम एकेडमी चास विस्थापित नगर में आयोजित सात दिनों के संस्कृत संभाषण अभ्यास वर्ग में धनबाद लोकसभा सांसद ढुल्लू महतो शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद ने संस्कृत भारती द्वारा सभी वर्गों के बीच संस्कृत के प्रचार-प्रसार के पुनीत कार्य के लिए संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में सांसद श्री महतो ने कहा कि संस्कृत भारत के संपूर्ण ज्ञान परंपरा गौरव एवं समृद्धि की वाहिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर रामनारायण सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारती ने की। इस अवसर पर संस्कृत भारती के प्रान्त मंत्री पृथ्वीराज सिंह ने संगठन की रीति और अभ्यास वर्ग की विवरणी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप संस्कृत भारती इस पुण्य कार्य में लगी है। नई शिक्षा नीति में संस्कृत का महत्त्व इस बात का प्रमाण है। इस अवसर पर राम भरोसे गिरी राम बच्चन सिंह मुकेश राय विपुल कुमार राहुल कुमार एनएम अकादमी के डायरेक्टर मेघनाथ मिश्रा डॉ संजय पांडेय डॉ विनय कुमार पांडेय संजय झा शिक्षण प्रमुख सर्वेश मिश्रा कृष्णा कुमार एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन डा विनय कुमार पांडेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सत्यदेव तिवारी ने किया।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएम व विधायक का पुतला फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता



पुतला दहन करते ग्रामीण

**मसलिया।** गोली मार लूट की घटना में ज्वेलरी व्यापारी की मौत के आक्रोश में दुमका-जामताड़ा मुख्य पथ पर आश्रम चौक पर सीएम व विधायक का पुतला दहन किया गया। ग्रामीणों ने सीएम हेमंत सोरेन व विधायक बसंत सोरेन का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस अवसर पर भाजपा नेता बिमल मरांडी ने बताया कि राज्य में झामुमो की सरकार में अपराधियों को खुली छूट मिल गई है। आये दिन अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की भी ढुलमुल रवैया साफ नजर आ रही है। कुछ दिन इसी मोहलबना चौक में दिनदहाड़े पिस्तौल के नोक पर 40 हजार रुपये की बैंक डकैती हुई। कल शाम को संजय राणा को भी उसी तरीके से तीन नकाबपोश बाईक सवार युवकों ने रोककर पहले छिनतई फिर विरोध करने पर गोलीबारी कर जान ले ली। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले सलाखों के पीछे कब आएंगे यह प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इस अवसर पर सुपलाल सोरेन ने बताया कि संजय को किसी से कोई लेना देना नहीं था। उनका ज्वेलरी का दुकान खोले एक माह भी ठीक से पूरा नहीं हुआ था। आश्रम मोड़ से दो किलोमीटर घर जाने के क्रम में इतनी बड़ी घटना घट जाएगी यह किसी ने सोचा तक नहीं था।

जिस प्रकार अपराधियों ने उसे सटाकर गोली मारी इससे यह स्पष्ट होता है कि ये अपराधी ऐसे और भी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। ग्रामीण मनभरण यादव ने कहा कि घटनाओं को घटाने वाले अगर पकड़े नहीं गए तो न जाने ऐसे और कितनी घटनाएं आगे घटेंगी। प्रशासन को इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन तक पहुंचना चाहिए। हालात यह हो गई है कि अब शाम होते ही सब घरों में दुबकने को मजबूर है। दहशत का माहौल है। इस मौके संतोष मुर्मू, राजकुमार यादव, राजु कुमार, नंदकिशोर मंडल, नेपाल चन्द्र दे आदि मौजूद थे।

## पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** जिला कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अलीमाम उर्फ टिंकू ने किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा भारत के 14 वें प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को एक विचारक और विद्वान के रूप में सराहा। उन्हें मेहनत, काम के प्रति अकादमिक दृष्टिकोण, सुलभता और विनम्र व्यवहार के लिए याद किया। कई महत्वपूर्ण पदों पर काम करते हुए वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के पदो को सुशोभित किया। उनके वित्त मंत्रीकाल में आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। इस अवसर पर सुनील किस्कू, शहरोज शेख, दशरथ मंडल, संतोष सिंह, मुकेश कुमार, बीरबल दत्ता, मो हारून, रुपेश सिंह, फंटुस शर्मा, मो जियाउल, रवी कुमार, संजय दास, विवेक कुमार आदि उपस्तिथ थे।

## खबर एक नजर में

### युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रध्दांजलि अर्पित की

**बेरमो।** युवा कांग्रेस द्वारा रविवार को किसान भवन में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रध्दांजलि अर्पित की गई।इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके निधन को कांग्रेस पार्टी एवं देश के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया।वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक सुधारों के प्रणेता मनमोहन सिंह भले ही हमसबों के बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार एवं कृतियां हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।इस दौरान सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया।मौके पर युवा कांग्रेस के जिला सचिव सरफराज अहमद गुड्डु प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर,सदिक अली,सनाउल्लाह अंसारी,युसूफ अंसारी,दीपक जैन,रोहित कुमार ठाकुर, मोहम्मद अनवर आदि उपस्थित थे।

### होटल वेस्ट इन में हुई मारपीट की घटना में शाहनवाज गिरफ्तार

**बोकारो।** स्थानीय नया मोड़ स्थित होटल वेस्ट इन में पिछले दिनों हुई मारपीट की घटना में शामिल शाहनवाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शाहनवाज पर 22 अन्य आपराधिक मामले होने की जानकारी देते हुए डीएसपी एवं एसडीओ ने बताया कि उक्त मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज एवं छानबीन के पश्चात पुलिस अन्य दोषी उपद्रवियों के गिरफ्तारी को तत्पर है। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों स्कूली विद्यार्थियों की पार्टी के दौरान अनुचित दखलन्दाजी को लेकर होटल प्रबंधन एवं दखलन्दाजी कर रहे लोगों के बीच मारपीट व होटल में तोड़फोड़ की घटना हुई थी।

### अय्यप्पा के रितिक जैन को सीए की परीक्षा में 48 वां रैंक

**बोकारो।** 24 वर्षीय ऋतिक जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास करके यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रितिक ने पूरे भारत में 48 वां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय में उनके लिए विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्हें बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रितिक ने अपने शिक्षक एवं विद्यालय द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना की एवं कहा कि भविष्य में छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत एवं उचित मार्गदर्शन का सहारा लेना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य पी शैलजा जय कुमार ने उनके कठिन परिश्रम की सराहना की एवं कहा कि विद्यालय अपने छात्रों को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्या शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ ने तय की आंदोलन की रूपरेखा

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की कार्यकारिणी की संयुक्त महामंत्री आशा देवी के नेतृत्व में तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में आशा देवी ने कहा कि नगर प्रशासन की मनमानी के विरोध में विशाल मजदूर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बोकारो प्लॉट होल्डर से सफाई के नाम पर 3700 रुपए लिया जाता है जबकि साफ सफाई का काम प्रबंधन नहीं कर रही है। इसके अलावा नवीकरण की समस्याओं पर समुचित निदान नहीं किया जा रहा है। कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से एसएन प्रसाद को आरजेबीएस का प्रभारी रामचरण ठाकुर को सीआरएम 3 सुरेश राय सिंह को सीआरएम सुमित सिंह को प्लाट होल्डर बोकारो सुरेश कुमार को असंगठित क्षेत्र मंजू देवी को संगठन मंत्री शिक्षा एवं अन्य पुष्पा मिश्रा को संगठन मंत्री का प्रभार सौंपा गया। उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने कहा कि 10 जनवरी तक नगर प्रशासन को मांग पत्र सौप दिया जाएगा। मांग नहीं मानने पर 28 जनवरी को नगर प्रशासन का घेराव करने पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। मौके पर अमरेन्द्र सिंह संतोष कुमार आशीष कुमार वीरेंद्र कुमार कपरदार गुलाम जिलानी प्रतिमा एवं कविता मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### तमाड़ में सड़क...

प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रिम्स भेज दिया गया। सूचना मिलती ही तमाड़ पुलिस पहुंची तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल पहुंचाया गया।

**दिउड़ी में पूके कर पिकनिक जा रहे थे :** स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों बाइक पर सवार सभी लोग दिउड़ी मंदिर में पूजा करने के बाद जलप्रपात घूमने जा रहे थे। तमाड़ थाना प्रभारी रोशन झा ने बताया कि इस हादसे में तीन युवक, जिनकी उम्र 18 से 21 वर्ष के बीच थी। सोमवार को तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा।

### गंगा की अविरल...

इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी होता है। इस बार का महाकुंभ भी एकता के महाकुंभ के मंत्र को सशक्त करेगा। आप सब कुंभ में शामिल हों तो एकता के इस संकल्प को अपने साथ लेकर वापस आयें। समाज में विभाजन और विद्वेष के भाव को नष्ट करने का संकल्प भी लें।

**नये साल में फिट रहें, स्वस्थ रहें :** पीएम ने कहा, अब 2025 दस्तक दे रहा है। आने वाले साल में मन की बात के माध्यम से हम और भी प्रेरक प्रयासों को साझा करेगें। प्रधानमंत्री ने कहा,मुझे विश्वास है कि देशवासियों की सकारात्मक सोच और इनोवेशन की भावना से भारत नई ऊंचाइयों को छूएगा। आप अपने आस-पास के यूनिक प्रयासों को मन की बात के साथ शेयर करते रहिए। मैं जानता हूँ कि अगले साल की हर ह्यमन की बात में हमारे पास एक दूसरे से साझा करने के लिए बहुत कुछ होगा। आप सभी को 2025 की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। स्वस्थ रहें, खुश रहें, फिट इंडिया मूवमेंट में आप भी जुड़े खुद को भी फिट रखें। जीवन में प्रगति करते रहें।

**संविधान हमारा मार्गदर्शक :** 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद में मोदी ने कहा, नया साल 2025 अब नजदीक है। हमारे संविधान को लागू हुए 75 साल पूरे हो जायेंगे, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने संविधान को हमारे लिए मार्गदर्शक और गाइडिंग लाइट बताया, जिसके कारण आज वह हमसे संवाद कर पा रहे हैं। संविधान हमारा मार्गदर्शक है। 26 नवंबर को संविधान दिवस पर, भारत अपने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष मनायेगा। इस मील के पत्थर का सम्मान करने के लिए, एक राष्ट्रव्यापी अभियान नागरिकों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ने और अपने वीडियो साझा करने के लिए आमंत्रित करता है, जिससे सामूहिक गौरव और एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

**नक्सल इलाकों में अब नयी क्रांति :** मोदी ने बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए इसी तर्ज पर देश के अन्य राज्यों में खेल प्रतियागिता शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा, जहां नक्सल हिंसा रही, वहां अब नयी क्रांति जन्म ले रही है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानी भी बताई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में बस्तर ओलंपिक की शुरूआत हुई, इसकी खास बात ये रही कि शहरों और गांवों के खिलाड़ियों के साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने सुकमा जिले की पायल कवासी का जिक्र किया।

स्पीड न्यूज

## नेपाल-भारत सैन्य अभ्यास कल से

**काठमांडू।** नेपाल-भारत संयुक्त सैन्य अभ्यास का 18वां संस्करण मंगलवार से रूपनदेही जिले के सलझंडी में शुरू हो रहा है। इस सैन्य अभ्यास में सहभागी होने के लिए भारतीय सेना की टोली नेपाल पहुंच चुकी है। सूर्यकिरण नामक बटालियन स्तर का यह संयुक्त सैन्य अभ्यास जंगल युद्ध, कठिनाई भूगोल में आतंकवाद का मुकाबला, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार शांति मिशन, आपदा प्रबंधन और राहत मानवीय सहायता, आंतरिक क्षमता निर्माण और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है। नेपाली सेना के प्रवक्ता गौरव कुमार केसी ने बताया कि संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण से नेपाल और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों और विश्वास को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक संबंधों का विस्तार करने की उम्मीद है।

## हिमाचल प्रदेश में थमी बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दो दिनों की भारी बारिश और बर्फबारी के बाद मौसम खुल गया है। शिमला सहित राज्य के अधिकांश इलाकों में रविवार को धूप खिली और आमजन व पर्यटकों को राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के छह प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। ठंड के प्रकोप ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है।

## श्रीनगर हवाई अड्डे पर फिर शुरू हुयी उड़ान

श्रीनगर। श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौसम की स्थिति और दृश्यता में सुधार के बाद उड़ान रविवार को फिर से शुरू हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण उड़ानें बाधित हुईं, जिससे देरी और रद्दीकरण हुआ।

## लेबनान ने सीरिया के 70 सैनिकों वापस भेजा

**काहिरा।** लेबनान सरकार ने सीरिया में सत्ता में आए सीरियाई सशस्त्र विपक्ष को 70 सीरियाई सैनिकों और अधिकारियों को सौंप दिया है। ये लोग पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के पद छोड़ने के बाद लेबनान भाग गए थे। सीरियाई समाचार पत्र अल-वतन ने शनिवार को यह जानकारी दी। ये लोग असद के परिवार के करीबी थे और अनौपचारिक मार्गों से अवैध रूप से लेबनान की सीमा पार कर गए थे।

## कोरापुट में बस पलटने से तीन की मौत, कई घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट जिले के बैपरिगुड़ा थाना अंतर्गत डकरी घाटी के सुकु नाला के पास रविवार को सुबह एक बस पलट कर खाई में गिर गई।इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों में छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को लेकर दु:ख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपये की अनुकंपा राशि प्रदान करने की घोषणा की है ।

## नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कमर्शियल विमान की लैंडिंग सफल

मुंबई। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को कमर्शियल विमान की पहली लैंडिग सफल रही। विमान को लैंड करते ही वाटर कैनाल से सलामी दी गई। कनेक्टिविटी को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी विमानन परियोजना के विकास में एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का काम अंतिम चरण में है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम 31 मार्च, 2025 तक पूरा हो जाएगा। यह हवाईअड्डा चालू होने पर यहां से एक साल में 9 करोड़ से ज्यादा यात्री सफर करेंगे। हवाई अड्डा करीब 5945 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। हवाई अड्डे का रनवे 3.7 किमी है और एक ही समय में 350 विमान पार्क किए जा सकते हैं।

# बारिश के बाद दिल्ली-एनसीआर में लुढ़का पारा, बर्फ की चादर में लिपटा बद्रीनाथ

**आइएमडी ने जारी किया अलर्ट**
**ठंडी हवाएं व बारिश की संभावना**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्र में साफ दिख रहा है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में इस समय कंपकंपी वाली ठंड का अहसास हो रहा है और मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लिए है, जहां बारिश, ओलावृष्टि और ठंडी हवाओं के कारण तापमान और भी गिर सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम और भी बिगड़ सकता है और ठंडी हवाएं और बारिश की संभावना बनी रहेगी। इस स्थिति में दिल्ली और एनसीआर सहित अन्य हिस्सों में ठंड बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को ज्यादा सर्दी का सामना करना पड़ेगा।

इधर भारी बर्फबारी के बाद बद्रीनाथ धाम का नजारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला हो गया है। बर्फ की मोटी परत ने मंदिर और आसपास की पहाड़ियों को ढक दिया है, जिससे यह स्थान स्वर्ग जैसा प्रतीत हो रहा है। बर्फबारी के बाद बद्रीनाथ धाम में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। तीर्थयात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए ठंड की चुनौती बढ़ गई है, लेकिन प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी को आकर्षित कर लिया है। मंदिर के चारों ओर जमी बर्फ की चादर इसे और अधिक दिव्य और भव्य बना रही है।

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक बर्फबारी की संभावना जताई है। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों को मौसम को देखते हुए सतर्क रहने और जरूरी सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी है। वहीं, इस अद्भुत दृश्य ने पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को भी आकर्षित किया है, जो बद्रीनाथ की सुंदरता को देखने के लिए उत्सुक हैं।



## मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना में विसर्जित

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थि रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर विसर्जित कर दी गईं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि बहुत सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला के अस्थि घाट पर यमुना नदी में विसर्जित किया गया। यह बहुत भावुक क्षण था।

# 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाये सेना

## सीमाओं के रक्षक ही नहीं हैं, देश के निर्माण के अग्रदूत हैं सेना : राजनाथ

**एजेंसी**

**इंदौर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जाए। इस लक्ष्य की प्राप्ति में सेना की भूमिका बेहद अहम है। आप केवल सीमाओं के रक्षक ही नहीं हैं बल्कि आप इस राष्ट्र के निर्माण के अग्रदूत भी हैं। आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। आपको एक तरफ तो हमारी सीमाओं का भार संभालना है और दूसरी तरफ विकसित भारत के निर्माण की नींव भी रखनी है। हमें खुद को हमेशा अलर्ट रहने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री सिंह रविवार को इंदौर जिले के प्रवास के दौरान महू में आर्मी संस्थानों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महू में एक लंबे समय से आर्मी वॉर कॉलेज, इन्फेंटरी स्कूल और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलिकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग भी सेवाएं दे रहे हैं। स्थापना के समय से ही ये संस्थान भारतीय सेनाओं के ऑफिसर्स और जवानों को मिलिट्री स्ट्रेटजीस और युद्ध कौशल में पारंगत बना रहे हैं। मैं राष्ट्र के प्रति आप सभी की सेवा के लिए भी आभार प्रकट करता हूं। आपका समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा प्रेरणा का काम करती है। आपका अनुशासन साधना से कम नहीं। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हमारे दुश्मन बाहरी हों या आंतरिक, हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि मुझे सबसे ज्यादा जो बात अपील करती है, वह है कर्म के प्रति आपकी निष्ठा। जिस प्रकार से आप, हर चीज से ऊपर उठकर, केवल राष्ट्र सेवा को ही अपना कर्म मानकर, निरंतर लगे हुए हैं, शायद इसी को निष्काम कर्म कहा गया है। आपका यह निष्काम कर्म ही है, जिसने हमारी सेना को एक अलग ही मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यहाँ मैं युवा जोश, और परिपक्व अनुभव के मिश्रण को भी देख पा रहा हूँ। जोश और अनुभव का यह मिश्रण निश्चित रूप से हमारी सेना के लिए और इस देश के लिए भी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री होने के नाते, मैं आप सभी से विशेष रूप से यह बात कहना चाहूंगा कि, हमें खुद को हमेशा अलर्ट रखने की जरूरत है।



सेना के तीन प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों का निरीक्षण करते राजनाथ सिंह।

# मलेरिया-कैंसर से लड़ाई में भारत को मिली बड़ी कामयाबी : मोदी

**एजेंसी**

- मन की बात में प्रधानमंत्री बोले, 2015 से 2023 के बीच मलेरिया से होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई
- मशहूर मेडिकल जरनल लानसेट की अध्ययन देश में कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना बढ़ी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत ने जानलेवा बीमारी कैंसर और मलेरिया पीड़ितों की मदद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 117वीं कड़ी में कहा कि भारत की दो बड़ी उपलब्धियां आज विश्व का ध्यान आकर्षित कर रही हैं इन्हें सुनकर आपको भी गर्व महसूस होगा, ये दोनों सफलताएं स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिली हैं, पहली उपलब्धि मिली है मलेरिया से लड़ाई में। मलेरिया की बीमारी चार हजार वर्षों से मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के समय भी यह हमारी सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी। एक महीने से लेकर पांच साल तक के बच्चों की जान लेने वाली सभी संक्रामक बीमारियों में मलेरिया का तीसरा स्थान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं संतोष से कह सकता हूँ कि देशवासियों ने मिलकर इस चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट कहती है भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। सबसे सुखद बात यह है कि यह सफलता जन-जन की भागीदारी से मिली है। उन्होंने कहा कि भारत के कोने-कोने, हर जिले से हर कोई इस अभियान का हिस्सा बना है। दुनिया के मशहूर मेडिकल जरनल लानसेट की अध्ययन वाकई बहुत उम्मीद बढ़ाने वाली है। जरनल के मुताबिक अब भारत में समय पर कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। कैंसर मरीज का इलाज 30 दिनों के भीतर ही शुरू हो जाना और इसमें बड़ी भूमिका निभाई है आयुष्मान भारत योजना ने। मोदी ने कहा इस योजना की वजह से कैंसर के 90 प्रतिशत मरीज समय पर अपना इलाज शुरू करा पाए हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि पहले पैसे के अभाव में गरीब मरीज कैंसर की जांच में, उसके इलाज से कतराते थे। उन्होंने कहा कि अब आयुष्मान भारत योजना उनके लिए बड़ा संबल बनी है।





## योगी ने राष्ट्रपति को महाकुंभ के लिए किया आमंत्रित

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को महाकुंभ के प्रतीक चिन्ह भेंट किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हृदयतल से आभार मा. राष्ट्रपति जी। योगी ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मिजोरम के राज्यपाल वी के सिंह को भी महाकुंभ आने का न्योता दिया था।

# महाकुंभ में हाई-स्पीड ड्रोन से होगी निगरानी

## 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने की संभावना

**पानी पर नजर रखने के लिए पीएसी , एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ 700 से अधिक नौकाएं होंगी तैनात**



महाकुंभ नगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने नए वर्ष की शुरूआत में आयोजित होने वाले प्रयागराज के महाकुंभ में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं जिसके तहत 100 मीटर पानी के नीचे और जमीन से 120 मीटर ऊपर निगरानी करने में सक्षम ड्रोन की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस भव्य आयोजन में 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले ग्रह के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक महाकुंभ के दौरान पहली बार संगम क्षेत्र में पानी के नीचे ड्रोन तैनात किए जाएंगे और टेथर्ड ड्रोन हवाई क्षेत्र से रक्षा करेंगे। इस साल अयोध्या में राम मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जिस ड्रोन रोधी प्रणाली को पहली बार तैनात किया गया था, उसका इस्तेमाल महाकुंभ के दौरान भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह ने कहा था कि संगम स्नान के दौरान हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की गई है। पानी के नीचे नजर रखने वाले ये ड्रोन संभवतः चौबीसों घंटे निगरानी करेंगे और ये कम रोशनी में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 100 मीटर की गहराई पर काम करने की क्षमता वाले ये ड्रोन किसी भी परिस्थिति में सटीक जानकारी देने में सक्षम हैं। पुलिस महानिरीक्षक (पूर्वी क्षेत्र, प्रयागराज) राजीव नारायण मिश्रा ने उच्च गति वाले एवं पानी के नीचे तैनात किए जाने ड्रोन को हाल में लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक ड्रोन 100 मीटर तक गोता लगा सकता है और एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) को तुरंत रिपोर्ट भेज सकता है। उन्होंने कहा कि इसे असीमित दूरी से संचालित किया जा सकता है और यह जल के नीचे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना के बारे में सटीक जानकारी प्रदान करता है, जिससे तत्काल कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा, पानी पर नजर रखने के लिए पीएसी , एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों के साथ 700 से अधिक नौकाएं भी तैनाती के लिए तैयार रहेंगी। सुरक्षा बढ़ाने के लिए रिमोट-नियंत्रित लाइफबॉय की बड़े पैमाने पर तैनाती की गई है।

## बिहार : पूर्वी चंपारण जिले का लक्ष्मीपुर बना शराबमुक्त गांव

मोतिहारी। हम लक्ष्मीपुर ग्राम वासी , ईश्वर की शपथ लेते हैं कि आज से हम गांववासी ना शराब पियेंगे ना पीने देंगे और ना ही कही बिक्री करने देंगे।' पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की पहल पर पूरे गांव के बड़े बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवाओं ने कुछ इस तरह से एसपी के साथ शपथ लेते हुए शराब से तौबा किया। एसपी ने कहा कि पूरा गांव शराबमुक्त हो गया है। गांव के सभी बड़े बुजुर्ग, महिलाएं, युवाओं ने इसको लेकर शपथ लिया है। जिसमे कहा गया है कि हमलोग किसी को भी शराब नहीं पीने, नहीं बेचने देगे इसकी शपथ ले रहे हैं। लक्ष्मीपुर पूर्वी चंपारण जिले का पहला गांव है जो शराबमुक्त बन गया है। गांव वालों की इस पहल एसपी सहित कई अधिकारी ग्रामीणों का हौसला अफजाई की।

# छह कंपनियों का मार्केट कैप 86,847 करोड़ बढ़ा

**एजेंसी**

- एचडीएफसी का 20235 और रिलायंस का 20230 करोड़ पूंजीकरण बढ़ा

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 6 के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 86,847.88 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस दौरान सबसे अधिक फायदा एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। 4 कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 22,289.56 करोड़ की गिरावट आ गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, आईटीसी और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, एसबीआई और एलआईसी के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 657.48 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 225.90 अंक यानी 0.95 प्रतिशत मजबूत हो गया। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 20,235.95 करोड़ रुपये बढ़ कर 13,74,945.30 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 20,230.90 करोड़ रुपये बढ़ कर 16,22,235.07 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके अलावा आईटीसी का मार्केट कैप 17,933.49 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 5,99,185.81 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 15,254.01 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,22,703.05 करोड़ के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 11,948.24 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,10,735.22 करोड़ रुपये के स्तर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 1,245.29 करोड़ रुपये उछल कर 5,49,863.10 करोड़ रुपये के स्तर पर गया। एसबीआई का मार्केट कैप 11,557.39 करोड़ रुपये घट कर 7,13,567.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। एलआईसी का मार्केट कैप 8,412.24 करोड़ रुपये कम होकर 5,61,406.80 करोड़ रुपये के स्तर पर, इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक 2,283.75 करोड़ गिर कर 7,95,803.15 करोड़ के स्तर पर और टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 36.18 करोड़ घट कर 15,08,000.79 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया।

### आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह भारत, अमेरिका और चीन की पीएमआई एवं वाहन बिक्री के आंकड़ों पर रहेगी।

### पिछले सप्ताह निवेशकों को 1.40 लाख करोड़ मुनाफा

23 से लेकर 27 दिसंबर तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। वैश्विक दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 657 .48 अंक यानी 0 .84 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ 78,699 .07 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 225 .90 अंक यानी 0 .95 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,813 .40 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। पूरे सप्ताह के कारोबार में शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 27 दिसंबर के कारोबार के बाद बढ़ कर 442 .39 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## एच-1 बी वीजा पर है विश्वास : डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि वे एच-1बी वीजा में विश्वास करते हैं, उन्होंने योग्य पेशेवरों के विरोध को लेकर चल रही खबरों को खारिज कर दिया। यह एक शानदार कार्यक्रम है। उन्होंने शनिवार को न्यूयॉर्क पोस्ट को साक्षात्कार में अनूठे अंदाज में उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा से वीजा पसंद रहे हैं, मैं हमेशा से वीजा के पक्ष में रहा हूं। इसलिए हमारे पास ये हैं। उन्होंने रूपर्ट मर्डोक-नियंत्रित न्यूज कॉर्प का हिस्सा अखबार से कहा कि मेरी संपत्तियों पर कई एच-1बी वीजा हैं। मैं एच-1बी में विश्वास करता रहा हूं। मैंने इसका कई बार इस्तेमाल किया है। ट्रंप ने आव्रजन प्रणाली में सुधार का समर्थन किया है ताकि इसे योग्यता के अनुरूप ढाला जा सके। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों से स्नातक करने वाले विदेशी छात्रों को उनके डिप्लोमा के साथ ग्रीन कार्ड मिले। उन्होंने कहा कि मैं जो करना चाहता हूं और जो मैं करूंगा, वह यह है कि आप कॉलेज से स्नातक

